राष्ट्रीय दैनिक अख़बार

दैनिक शुभ भास्कर

भारत के सभी राज्यों से जिला ब्यूरो चीफ, रिपोर्टर विज्ञापन प्रभारी जुड़ने के लिए संपर्क करे

संपर्क सूत्र - +9198523 15231 +91 9625958256

Epaper :https://dainikshubhbhaskar.com

# दैनिक शुभ भास्कर

हर कदम आपके साथ...

https://shubhbhaskar.com

उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखंड से एक साथ प्रसारित

• वर्ष : 1 • अंक : 305 • नई दिल्ली, 28 अक्टूबर 2024 • पृष्ठः 8 • मूल्य : 04 रुपये, RNI.NO. UPHIN/2015/64737



# इन्फैंट्री ताकत, वीरता और कर्तव्य का प्रतीक

## प्रधानमंत्री मोदी ने इन्फैंट्री दिवस पर भारतीय सैनिकों को किया सलाम

एजेंसी। नई दिल्ली

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 27 अक्टूबर को इन्फैंट्री दिवस के अवसर पर भारतीय सैनिकों के साहस और हिम्मत को सलाम किया। उन्होंने भारतीय सेना की इन्फैंट्री को ताकत, वीरता और कर्तव्य का प्रतीक बताते हुए इसे हर भारतीय के लिए प्रेरणा का स्रोत माना। इस वर्ष 78वां इन्फैंट्री दिवस मनाया जा रहा है, जो भारतीय पैदल सैनिकों की बहादुरी और योगदान को मान्यता देने के लिए समर्पित है। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट करते हुए लिखा, इन्फैंट्री दिवस पर हम सभी सैनिकों और पूर्व सैनिकों के अदम्य साहस और हिम्मत को सलाम करते हैं। वे हर चुनौती का सामना करते हुए हमारी सुरक्षा के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। इन्फैंट्री हमारे लिए ताकत, वीरता और कर्तव्य का प्रतीक है।

**जम्मू और कश्मीर की सुरक्षा में अहम भूमिका** : इन्फैंट्री, जिसे भारतीय सेना के पैदल जवानों के रूप में जाना जाता है, का इतिहास भारतीय स्वतंत्रता के बाद से महत्वपूर्ण रहा है। 27 अक्टूबर 1947 को, भारतीय पैदल सैनिकों का पहला सैन्य दस्ता श्रीनगर के हवाई अड्डे पर उतरा था, जिसने जम्मू और कश्मीर की सुरक्षा में अहम भूमिका निभाई। सिख रेजिमेंट की इस बटालियन



ने पाकिस्तानी कबाइलियों और सेना के आक्रमण का सामना किया, जिससे पाकिस्तान के जम्मू और कश्मीर पर कब्जा करने की योजना विफल हो गई।

**राजनाथ ने दीं शुभकामनाएं** : केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी इन्फैंट्री दिवस पर शुभकामनाएं देते हुए लिखा, भारतीय इन्फैंट्री दिवस पर सभी सैनिकों को शुभकामनाएं। उनकी बहादुरी, साहस और बलिदान हम सभी के लिए प्रेरणा हैं। भारत को अपने वीर इन्फैंट्री सैनिकों पर गर्व है।

इन्फैंट्री को युद्ध की रानी भी कहा जाता है, और यह मानव इतिहास के पहले युद्ध से शुरू मानी जाती है। स्वतंत्रता के बाद से, इन्फैंट्री ने कई प्रमुख संघर्षों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जैसे कि 1962 का चीन युद्ध, 1947-48 का पाकिस्तान संघर्ष, और 1999 का कारगिल युद्ध। इसके अलावा, इन्फैंट्री ने उत्तर और उत्तर-पूर्व के आतंकवाद-रोधी अभियानों, पंजाब में ऑपरेशन ब्लू स्टार और ऑपरेशन रक्षक, और श्रीलंका में ऑपरेशन पवन में भी अपनी प्रतिबद्धता और पेशेवर कौशल का प्रदर्शन किया है। इस तरह, इन्फैंट्री दिवस भारतीय सैनिकों की बहादुरी और देश की रक्षा में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को मान्यता देने का एक महत्वपूर्ण अवसर है।


## आत्मनिर्भर भारत अभियान एक जन-आंदोलन बनता जा रहा, मन की बात में बोले पीएम मोदी

**नई दिल्ली**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मन की बात कार्यक्रम शुरू हो गया है। मन की बात के 115वें एपिसोड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, अब आत्मनिर्भर भारत अभियान एक जन-आंदोलन बनता जा रहा है। इसी महीने हमने लद्दाख के हान्ले में एशिया के सबसे बड़े इमेजिंग टेलीस्कोप एमएसीई का उद्घाटन किया। यह 4300 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है... एक ऐसी जगह जहां ठंड -30 डिग्री से भी कम है, जहां ऑक्सीजन तक की कमी है, हमारे वैज्ञानिकों और स्थानीय उद्योग ने वो कर दिखाया है जो एशिया के किसी और देश ने नहीं किया। हान्ले टेलिस्कोप भले ही दूर की दुनिया देख रहा हो, लेकिन ये हमें आत्मनिर्भर भारत की ताकत भी दिखा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, त्योहारों के इस मौसम में हम सब आत्मनिर्भर भारत के इस अभियान को और मजबूत करते हैं। हम वोकल फॉर लोकल के मंत्र के साथ अपनी खरीदारी करते हैं। यह नया भारत है जहां मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड बन गया है... हमें न सिर्फ भारत को आत्मनिर्भर बनाना है बल्कि अपने देश को इनोवेशन के ग्लोबल पावरहाउस के रूप में स्थापित करना है। प्रधानमंत्री मोदी ने गत वर्ष भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली की यात्रा का उल्लेख करते हुए दो महानायकों भगवान बिरसा मुंडा और सरदार वल्लभभाई पटेल का स्मरण किया। उन्होंने दोनों महापुरुषों को साहस और दूरदृष्टि की प्रतिमूर्ति बताया। प्रधानमंत्री ने कहा कि 31 अक्टूबर से सरदार पटेल का 150वीं जयंती का वर्ष शुरू होगा। इसके बाद 15 नवम्बर से भगवान बिरसा मुंडा का 150वां जन्मजयंती वर्ष शुरू होगा। इन दोनों महापुरुषों ने अलग-अलग चुनौतियाँ देखी, लेकिन देश की एकता को लेकर दोनों का विजन एक था।

# कहीं खुशी तो कहीं गम देकर गया चक्रवात दाना, खुशी से झूमी दिल्ली

एजेंसी। नई दिल्ली

चक्रवात दाना का असर खत्म हो गया है। जाते जाते कहीं खुशी तो कहीं गम देकर गया है। ओडिशा और पश्चिम बंगाल में तेज हवाओं के कारण जहां बिजली के पोल उखड़ गए तो कुछ घरों को भी नुकसान हुआ है। जबकि केरल के लिए मौसम विभाग ने भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। इसी बीच दिल्ली से राहत भरी खबर आ रही है। माना जा रहा है कि चक्रवात दाना के कारण दिल्ली को जहरीली हवा से काफी हद तक मुक्ति मिली है। और दिल्ली खुशी से झूम उठी है। दिल्ली में वायु गुणवत्ता में पिछले दो दिनों में सुधार देखने को मिला है। शनिवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 255 दर्ज किया गया, जो 'बहुत खराब' से 'खराब' श्रेणी में है। हालांकि, कुछ क्षेत्रों में एक्यूआई अभी भी 'बहुत खराब' है। इसके साथ ही, तेज हवाओं के चलते दिल्ली की हवा की गुणवत्ता भी बेहतर हुई है। यह बदलाव न केवल मौसम में सुधार लाने में सहायक रहा है, बल्कि नागरिकों के स्वास्थ्य पर भी सकारात्मक प्रभाव डाल



सकता है। सीपीसीबी के आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली में वायु प्रदूषण के प्रमुख प्रदूषक पीएम10 और ओ3 हैं। परिवहन क्षेत्र इस प्रदूषण में सबसे बड़ा योगदान दे रहा है, जिससे वायु गुणवत्ता पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। परिवहन से होने वाले उत्सर्जन का योगदान शनिवार को 14.8 प्रतिशत तक पहुंच गया, जो स्वास्थ्य के लिए एक गंभीर चिंता का विषय है। सीपीसीबी के अनुसार, दिल्ली में पीएम 2.5 का स्तर 110.6 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर दर्ज किया गया है, जो स्वास्थ्य के लिए खतरा पैदा कर सकता है। इस प्रकार, चक्रवात 'दाना' के प्रभाव से राहत मिलने के बावजूद, मौसम और वायु गुणवत्ता की स्थिति पर ध्यान देने की आवश्यकता है।

**24 घंटे में 152.8 मिलीमीटर बारिश दर्ज** : चक्रवात 'दाना' के प्रभाव से बारिश रुकने के बाद कई इलाकों से पानी कम होने से लोगों को राहत मिली है। शनिवार सुबह साढ़े छह बजे तक कोलकाता में 24 घंटे में 152.8 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने कुछ क्षेत्रों में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई है।चक्रवात ने ओडिशा के केंद्रपाड़ा और भद्रक जिले में करीब 110 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने के साथ दस्तक दी। इससे पेड़ और बिजली के खंभे उखड़ गए, जिससे बुनियादी ढांचे और फसलों को गंभीर नुकसान हुआ।पश्चिम बंगाल में चक्रवात से संबंधित घटनाओं में चार लोगों की मौत हुई है। कोलकाता में स्थिति में सुधार हुआ है, लेकिन कुछ जिलों में जलभराव बना हुआ है, जिससे फसलें भी प्रभावित हुई हैं। आईएमडी ने पूर्व मेदिनीपुर, पश्चिम मेदिनीपुर और झारग्राम जिलों में भारी बारिश की संभावना जताई है।मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि आने वाले दिनों में वायु गुणवत्ता में सुधार की उम्मीद है। अगले सप्ताह में किसी बड़ी मौसमी गतिविधि की संभावना नहीं है, जिससे स्थिति स्थिर रहने की संभावना है।

## संक्षिप्त समाचार

### बांद्रा स्टेशन पर अचानक मची भगदड़, 9 लोग घायल





**मुंबई**। मुंबई के बांद्रा रेलवे स्टेशन पर रविवार सुबह एक भगदड़ मच गई, जिसमें 9 लोग घायल हो गए। यह घटना सुबह तीन से चार बजे के बीच हुई, जब यात्रियों की भारी भीड़ बांद्रा गोरखपुर एक्सप्रेस के लिए जुटी थी। सौभाग्य से, इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है। बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) के आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, भगदड़ के कारण घायलों को भाभा अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। डॉक्टर रितेश के मुताबिक, घायलों में से दो की हालत गंभीर है। घटना का कारण बताते हुए, अधिकारियों ने कहा कि बांद्रा गोरखपुर एक्सप्रेस का समय रीशेड्यूल किया गया था। ट्रेन को सुबह 5:10 बजे रवाना होना था, लेकिन देरी के कारण सुबह करीब 3 बजे जब ट्रेन स्टेशन पर पहुंची, तब प्लेटफॉर्म पर यात्रियों की भीड़ बढ़ गई। जनरल बोगी में चढ़ने के लिए लोगों की संख्या इतनी अधिक थी कि भगदड़ मच गई। विज्ञप्तियों के अनुसार, दिवाली की छुट्टियों के चलते ट्रेनों में भारी भीड़ देखी जा रही थी। घटनास्थल पर इकट्ठा हुए यात्रियों के बीच हंगामा होने के बाद भगदड़ मच गई। घायलों में शब्बीर रहमान, परमेश्वर गुप्ता, रवींद्र चुमा, रामसेवक प्रजापति, संजय कांगेय, दिव्यांशु यादव, मोहम्मद शेख, इंद्रजीत सहनी और नूर शेख शामिल हैं। घटना के बाद, रेलवे अधिकारियों ने कहा कि वे इस मामले की जांच करेंगे और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उपाय करेंगे।

### कौन बनेगा करोड़पति के नाम पर ठगे लाखों, पीएम तस्वीर का भी किया उपयोग




**नई दिल्ली**। हिट टेलीविज़न शो 'कौन बनेगा करोड़पति' (केबीसी) से जुड़ी एक गंभीर धोखाधड़ी का मामला सामने आया है, जिसमें एक शख्स से शो में करोड़ों रुपये जीतने का झांसा देकर लगभग 3 लाख रुपये ठग लिए गए। आरोप है कि ठगी करने वाली महिला ने खुद को सीबीआई अधिकारी बताया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ तस्वीर दिखाकर अपनी पहचान को प्रमाणित करने का प्रयास किया। यह मामला तब प्रकाश में आया जब पीड़ित ने इसकी शिकायत प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) में दर्ज कराई, जिसके बाद मामले की जांच का जिम्मा केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपा गया। सीबीआई ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी, जालसाजी और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज की है। सीबीआई की एफआईआर के अनुसार, पीड़ित व्यक्ति को सोशल मीडिया पर 'केबीसी मुंबई' और 'केबीसी कोलकाता' नाम से दो अलग-अलग फर्जी अकाउंट्स से संदेश प्राप्त हुए।

# दीपावली पर रात 8 से 10 बजे तक ही जला सकेंगे पटाखे



एजेंसी। जयपुर

राजस्थान सरकार ने इस दीपावली, क्रिसमस और नए साल जैसे त्योहारों पर पटाखों के इस्तेमाल को सीमित करने के लिए नए दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। सरकार के निर्देशों में कहा गया है कि लोग दीपावली पर रात 8 बजे से 10 बजे तक ही पटाखे जला सकेंगे। वहीं, एनसीआर क्षेत्र के जिलों, जैसे अलवर और भरतपुर में भी इसका पालन करना अनिवार्य होगा। क्रिसमस और नए साल को भी रात में आधे घंटे यानी रात 11:55 बजे से 12:30 बजे तक पटाखे जलाने की इजाजत दी गई है, ताकि पर्यावरण और वायु गुणवत्ता को नुकसान से बचाया जा सके। पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन विभाग ने साइलेंस जोन जैसे अस्पताल, नर्सिंग होम, स्कूल, कॉलेज, कोर्ट और धार्मिक स्थलों से 100 मीटर की दूरी पर पटाखे जलाने पर पूरी तरह से बैन कर दिया है। इससे इन क्षेत्रों में शांतिपूर्ण वातावरण बना रहेगा और वहां मौजूद लोगों को असुविधा नहीं होगी। सरकार ने ग्रीन पटाखों के इस्तेमाल को बढ़ावा दिया है, क्योंकि ग्रीन पटाखों से कम प्रदूषण होता है और ये वायु गुणवत्ता पर ज्यादा असर नहीं डालते हैं। राज्य सरकार ने शादी-विवाह और अन्य समारोहों में भी केवल ग्रीन पटाखों के इस्तेमाल की इजाजत दी है। सरकार वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने और पर्यावरण की रक्षा करने का प्रयास कर रही है। सरकार ने सभी जिला प्रशासन को निर्देश दिया है कि वे प्रतिबंधित पटाखों की बिक्री पर कड़ी निगरानी रखें। किसी भी बाजार में प्रतिबंधित पटाखों की बिक्री की इजाजत नहीं होगी और नियम का उल्लंघन करने पर कार्रवाई की जाएगी।

## केंद्र का दीपावली तोहफा
## 80 साल से ज्यादा उम्र वालों को मिलेगी अतिरिक्त पेंशन

**नई दिल्ली**। केंद्र ने सरकारी कर्मचारियों को रिटायरमेंट के बाद मिलने वाली पेंशन में एक नई सुविधा जोड़ दी है। सरकार ने 80 साल से ज्यादा उम्र के पेंशनर्स को अनुकंपा भत्ता देने का फैसला लिया है। यह जानकारी लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय द्वारा दी गई है। मंत्रालय के मुताबिक 80 साल से ज्यादा उम्र के पेंशनर्स को अब अतिरिक्त पेंशन का लाभ मिलेगा। इसके लिए सरकार ने नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं, जिससे पेंशन का वितरण आसान और तेजी से किया जा सकेगा। सीसीएस (पेंशन) नियम 2021 के नियम 44 के तहत पेंशनर्स को मूल पेंशन के साथ अतिरिक्त पेंशन या अनुकंपा भत्ता मिलेगा। जिसमें 80 से 85 साल के लिए मूल पेंशन का 20फीसदी, 85 से 90 के लिए मूल पेंशन का 30 फीसदी, 90 से 95 साल के लिए मूल पेंशन का 40 फीसदी, 95 से 100 साल के लिए मूल पेंशन का 50 फीसदी और 100 साल से ज्यादा उम्र के लिए मूल पेंशन का 100 फीसदी शामिल है। जैसा कि यदि किसी पेंशनर की आयु 81 साल है और उसे 5,000 रुपए की पेंशन मिल रही है, तो उसे अतिरिक्त पेंशन के रूप में 1,000 रुपए और मिलेंगे। इसी तरह 85 से 90 साल के पेंशनर को 1500 रुपए अनुकंपा भत्ता मिलेगा। मंत्रालय के मुताबिक जब पेंशनर की आयु सीमा 80 साल तक पहुंचेगी, तो उस महीने के पहले दिन से अतिरिक्त पेंशन या अनुकंपा भत्ता लागू हो जाएगा।

# आरएसएस-बीजेपी है एक बड़ा परिवारः दत्तात्रेय होसबोल

एजेंसी। नागपुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने विपक्षी दलों के उन आरोपों का खंडन किया है जिसमें बीजेपी के साथ गतिरोध की बात कही जा रही है। आरएसएस के महासचिव दत्तात्रेय होसबोले ने दोनों संगठनों को एक बड़े परिवार का हिस्सा बताते हुए दोहराया कि दोनों के बीच एकता बरकरार है। उन्होंने यह भी कहा कि आरएसएस और बीजेपी के बीच कोई भी असहमति आंतरिक मामला है और इसे पारिवारिक और संगठनात्मक स्तर पर संभाला जाना चाहिए।

अप्रैल-जून के आम चुनावों से पहले बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा के बयान की ओर इशारा करते हुए होसबोले ने कहा कि ऐसे मुद्दों को सार्वजनिक मंच पर बोलने की



जरुरत नहीं है। हम एक परिवार का हिस्सा हैं। इसे आंतरिक रूप से संबोधित किया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी खुलासा किया कि उनके बयान के बाद वे नड्डा के घर पर मिले और साथ में भोजन भी किया था। होसबोले ने सौहार्दपूर्ण संबंधों की पुष्टि की और किसी भी तरह की कड़वाहट की धारणा को खारिज कर दिया है। होसबोले के बयान आरएसएस और बीजेपी के बीच राजनीतिक विभाजन के बारे में बढ़ती अटकलों की पृष्ठभूमि में आए हैं। होसबोले के मुताबिक दोनों संगठनों के बीच संबंध निर्भरता का नहीं बल्कि आत्मनिर्भरता का है। प्रत्येक को व्यापक लक्ष्यों और राष्ट्रीय हित में संरेखित करते हुए अपने पैरों पर खड़ा होना चाहिए। उन्होंने कहा कि आरएसएस किसी भी राजनीतिक समूह के प्रति दुश्मनी नहीं रखता है। उन्होंने कहा कि हम किसी के लिए नफरत नहीं फैलाते हैं। हम सभी को आमंत्रित करते हैं। यहां तक कि राहुल गांधी को भी, कि वे आकर हमसे बात करें।

यह संदेश मौजूदा राजनीतिक माहौल में खास है। राहुल गांधी हमेशा अपने राजनीतिक भाषणों में आरएसएस का जिक्र करते हैं और देश में कथित सांप्रदायिक वैमनस्य के लिए संगठन को जिम्मेदार ठहराते हैं। होसबोले ने राहुल गांधी के मोहब्बत की दुकान वाले बयान पर तंज कसते हुए कहा कि कुछ लोग प्यार और एकता की बात करते हैं, लेकिन वे आरएसएस के साथ बातचीत करने के लिए तैयार नहीं हैं। उन्होंने कहा कि यह अनिच्छा उन आदर्शों को कमजोर करती है जिन्हें वे विकसित करने का दावा करते हैं।

## मनरेगा के तहत 2014 से बाद अब तक 2923 करोड़ कार्य दिवस रोजगार सृजित

**नई दिल्ली**। केंद्र सरकार ने कहा है कि पिछले 10 सालों में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत 2923 करोड़ कार्य दिवस रोजगार सृजित किया गया है। जबकि वित्त वर्ष 2006-07 से वित्त वर्ष 2013-14 के बीच सृजित कुल व्यक्ति दिवस 1660 करोड़ थे। ग्रामीण विकास मंत्रालय ने मीडिया में आ रही उन खबरों का संज्ञान लेते हुए ये आंकड़े जारी किए हैं जिनमें में दावा किया गया था कि चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में मनरेगा के तहत ग्रामीण रोजगार में 16 प्रतिशत की गिरावट आई है। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम 2005 (महात्मा गांधी नरेगा) का उद्देश्य देश के ग्रामीण क्षेत्रों में परिवारों की आजीविका सुरक्षा को बढ़ाना है, जिसके तहत प्रत्येक परिवार को एक वित्त वर्ष में कम से कम सौ दिनों का गारंटीकृत मजदूरी रोजगार उपलब्ध कराया जाता है।

# नेताओं और जजों की मुलाकात से फैसलों पर कोई फर्क नहीं पड़ताः सीजेआई

**नई दिल्ली**। पिछले महीने सीजेआई चंद्रचूड़ के आवास पर गणपति पूजा में प्रधानमंत्री मोदी पहुंचे थे। इसके बाद विपक्षी नेताओं, कई पूर्व जजों और जानेमाने वकीलों ने इस पर आपत्ति जता दी थी। एक कार्यक्रम के दौरान सवालों का जवाब देते हुए हुए सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि चीफ जस्टिस और मुख्यमंत्रियों के बीच भी कई बार पारंपरिक तौर पर मुलाकात होती है। अब लोग क्या सोचते हैं कि वे क्यों मिल रहे हैं। वे किसी फैसले को लेकर मुलाकात नहीं करते हैं। और इन मुलाकातों से फैसलों पर कोई असर भी नहीं पड़ता है। रिपोर्ट के मुताबिक एक कार्यक्रम के दौरान सीजेआई से सवाल किया गया कि बड़े न्यायिक अधिकारियों और राजनेताओं के बीच गणतंत्र



दिवस, स्वतंत्रता दिवस या अन्य अवसरों पर मुलाकात होती रहती है? इस पर जवाब देते हुए सीजेआई ने कहा, हमारे पॉलिटिकल सिस्टम की परिपक्वता इसी बात पर निर्भर करती है कि जूडिशरी और उनके बीच विचारों में काफी अंतर होता है। सीजेआई ने कहा, मीटिंग में किस बात पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री कभी नहीं कहता कि किसी लंबित मामले को लेकर बातचीत की गई। उन्हें भी पता रहता है कि हम दोनों का क्षेत्र अलग-अलग है। वहीं हाई कोर्ट और सरकारों के बीच प्रशासनिक संबंध बना रहता है। इसी तरह केंद्र में भी काम होता है। लेकिन हम इतना परिपक्व हैं कि हमें पता रहता है कि इससे न्यायिक कामकाज या फैसलों पर कोई असर नहीं पड़ने वाला है। सीजेआई ने कहा न्यायिक कामकाज नई इमारतों के निर्माण के लिए सरकार ही बजट पास करती है। इसके लिए चीफ जस्टिस को मुख्यमंत्री से मिलना भी पड़ेगा। मैं जब इलाहाबाद हाई कोर्ट चीफ जस्टिस था। इसके अलावा बॉम्बे हाई कोर्ट की प्रशासनिक समिति के लिए काम करता था। वहीं राज्यों में परंपरा है कि जब पहली बार कोई चीफ जस्टिस बनता है तो वह मुख्यमंत्री से मिलता है। दूसरी बार मुख्यमंत्री चीफ जस्टिस से मिलते हैं।

# अमेरिका राष्ट्रपति चुनाव : ट्रम्प के व्यवहार और मानसिक गिरावट को क्यों किया जा रहा नजरअंदाज

**वाशिंगटन**। अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव नजदीक आते ही प्रचार अभियान तेज हो गया है। पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और उपराष्ट्रपति कमला हैरिस एक-दूसरे तीखे बाण छोड़ रहें हैं। मिशिगन में कमला हैरिस के लिए प्रचार करने पहुंची पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा की पत्नी मिशेल ओबामा ने ट्रम्प पर निशाना साधा। उन्होंने इस चुनाव में डबल स्टैंडर्ड की आलोचना करते हुए कहा कि मुझे समझ नहीं आता कि यह दौड़ इतनी करीबी क्यों है? मैं रात में जागकर सोचती हूं कि आखिर हो क्या रहा है। हैरिस का समर्थन करते हुए मिशेल ने कहा कि ट्रम्प की अयोग्यता पर सवाल नहीं उठाए जा रहे हैं, जबकि कमला हैरिस से हर जगह परफेक्शन की उम्मीद की जा रही है। उन्होंने कहा कि अगर मैं नाराज हूं



कि कुछ लोग ट्रम्प के अस्थिर व्यवहार और मानसिक गिरावट को नजरअंदाज कर रहे हैं, तो मुझे माफ करिएगा। मिशेल ओबामा की ये टिप्पणी ऐसे समय आई है जब सर्वेक्षणों में हैरिस और ट्रम्प के बीच करीबी मुकाबला टक्कर का दिखाया गया है। मिशेल ने यह उम्मीद जताई कि ट्रम्प के समर्थक और वोटिंग से दूर रहने वाले लोग जागरूक होकर फैसला लेंगे। मिशिगन में मिशेल ओबामा की यह हैरिस के लिए पहली प्रचार रैली थी। पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा भी जॉर्जिया में हैरिस के साथ प्रचार कर चुके हैं। आगामी राष्ट्रपति चुनाव 5 नवंबर को होना है। पेंसिलवेनिया में एक चुनावी रैली में ट्रम्प ने हैरिस पर आरोप लगाया कि अगर उन्हें राष्ट्रपति चुना गया तो वे अमेरिका को तीसरे विश्व युद्ध में धकेल देंगी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन जैसे वैश्विक नेताओं से निपटने में सक्षम नहीं होंगी। एक रिपोर्ट में बताया गया है कि ट्रम्प ने कहा कि हैरिस को राष्ट्रपति बनाना लाखों लोगों की जान के साथ जुआ खेलने जैसा है। वह इस काम के लिए अक्षम हैं और इसीलिए हमारे बेटे-बेटियों को किसी अनजान देश में युद्ध के लिए भेजा जाएगा।

## हिजबुल्लाह की धमकी, कहा- इजरायल के उत्तरी इलाकों की बस्तियां तत्काल खाली करें

**बेरुत**। उत्तरी इजरायल और लेबनान की सीमा पर तनाव ने एक नया मोड़ ले लिया है, जब लेबनान के हिजबुल्लाह संगठन ने इजरायल के उत्तरी क्षेत्र में बसे नागरिकों को बस्तियां खाली करने की चेतावनी जारी की। हिजबुल्लाह द्वारा जारी एक वीडियो संदेश में 25 बस्तियों को खाली करने का आदेश दिया गया है, जो सीमा से 3 से 22 किलोमीटर के दायरे में हैं और करीब 200,000 इजरायली नागरिकों का निवास स्थान हैं। यह पहली बार है जब हिजबुल्लाह ने इस प्रकार के वीडियो के माध्यम से इजरायल के नागरिकों को सीधे चेतावनी दी है। इसे इजरायल और हिजबुल्लाह के बीच हालिया टकराव के एक नए स्तर के रूप में देखा जा रहा है। पिछले सप्ताह के दौरान, उत्तरी इजरायल में हमलों में तेजी आई है। हिजबुल्लाह ने 24 घंटों के भीतर 48 ऑपरेशनों का दावा किया है, जो इजरायल के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई मानी जा रही है। हिजबुल्लाह ने इजरायल की ओर 100 से 200 रॉकेट और ड्रोन दागे हैं, जो सीमा पार से लगातार हमले का हिस्सा हैं।

## मुंबई भगदड़ और दिल्ली प्रदूषण के लिए महाराष्ट्र नहीं केंद्र सरकार भी जिम्मेदार

**नई दिल्ली**। कांग्रेस नेता राशिद अल्वी ने मुंबई के बांद्रा टर्मिनल पर हुई भगदड़ और दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने मुंबई में हुए हादसे को जंगल राज बताते हुए कहा कि यह स्थिति चिंताजनक है। बांद्रा टर्मिनल पर हुई भगदड़ में यात्रियों के घायल होने के संदर्भ में रविवार को राशिद अल्वी ने कहा कि मुंबई में जंगल राज है। हाल ही में एक नेता की सरेआम गोली मारकर हत्या कर दी गई और सरकार तमाशा देखती रही है। अब रेलवे स्टेशन पर भगदड़ मच गई। यह जिम्मेदारी सिर्फ महाराष्ट्र सरकार की नहीं, बल्कि केंद्र सरकार की भी है। केंद्र और महाराष्ट्र में डबल इंजन की सरकार है। उनके नेताओं का यह कहना है कि डबल इंजन की सरकार है, लेकिन इसका नतीजा यह हुआ कि लोग मारे जा रहे हैं। उन्होंने इस घटना के लिए रेलवे और दोनों सरकारों को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा कि आम आदमी अपने घर जाने की कोशिश करेगा और रेलवे स्टेशन पर जख्मी हो जाएगा। इस घटना की जिम्मेदारी जितनी रेलवे की है, उतनी ही राज्य और केंद्र सरकार की भी है। वहीं दिल्ली में प्रदूषण के बढ़ते स्तर पर अल्वी ने चिंता जताई।

## ख़ास ख़बर

# देवस्थान मन्त्री ने किए श्री नीमज माताजी शक्तिपीठ के दर्शन, देखी व्यवस्थाए

### देवस्थान विभाग उदयपुर के प्रयासों की मन्त्री ने की सराहना

**विशाखा व्यास/दैनिक शुभ भास्कर/राजस्थान/उदयपुर।** देवस्थान विभाग, उदयपुर के प्रत्यक्ष प्रभार के अंतर्गत संचालित श्री नीमज माताजी शक्तिपीठ देवाली का निरीक्षण राजस्थान सरकार के देवस्थान मन्त्री जोराराम कुमावत ने किया।मन्त्री के श्री नीमज माताजी रोपवे पहुचने पर देवस्थान विभाग के गोपाल जी त्रिवेदी एवम लवीना विकास सेवा संस्थान के निदेशक भरत कुमार पूर्बिया की तरफ से उपरणा ओढ़ा स्वागत कर रोपवे से उनको मंदिर ले जाया गया।जहां उन्होंने श्री नीमज माताजी शक्तिपीठ के दर्शन किये।फिर मंदिर के महंत लक्ष्मी लाल गमेती,भोपाजी पूरा जी एवम पुजारी लोकेश गमेती द्वारा पगड़ी,उपरणा एवम माताजी की चूनर ओढ़ा प्रसाद भेंट किया गया।मन्त्री जी द्वारा मंदिर की



व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।उनके द्वारा देवस्थान विभाग, उदयपुर द्वारा किये जा रहे प्रयासों की सराहना की गई।बता दे कि इस बार शारदीय नवरात्र में देवस्थान विभाग, उदयपुर के सहायक आयुक्त जतीन कुमार गांधी के विशेष प्रयास से दानपात्र में अच्छे कलेक्शन के साथ मंदिर की व्यवस्थाएं सुचारू रही जिससे दर्शनार्थियों में भी विशेष उत्साह रहा।जिसकी मन्त्री महोदय द्वारा विशेष सराहना की गई।कुछ दर्शनार्थियों द्वारा मंदिर में आरती समय पर नहीं होने,मंदिर समय पर नहीं खोलने एवम एकाधिकार की बात की शिकायत की गई जबकि मंदिर देवस्थान विभाग का प्रत्यक्ष प्रभार का मंदिर है।जिस पर मन्त्री जी ने शीघ्र समाधान करने हेतु निर्देश दिया।अंत मे भरत कुमार पूर्बिया द्वारा मन्त्री महोदय को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# सिंदरी विधानसभा में बड़ा बदलावः लोगों की पसंद युवा नेता चंद्रदेव महतो उर्फ बबलू महतो



**दैनिक शुभ भास्कर ,**
**शीतल दत्ता ,वरीय संवाददाता (धनबाद)।** झारखंड के सिंदरी विधानसभा क्षेत्र में एक बड़ा राजनीतिक बदलाव देखने को मिल रहा है, जहां भारतीय जनता पार्टी के कई जमीनी कार्यकर्ताओं ने पार्टी छोड़कर दिनांक 27 अक्टूबर 2024 को भाकपा माले में शामिल होने का फैसला किया । इन नेताओं में सुरेश चालक, गोपाल चालक, गौरांग चालक, शैलेन्द्र चालक, धर्मवीर चालक, शिबु चालक, बावल चालक, संतोष चालक, मेधनाय चालक, राकेश चालक, निमाई चालक, पिंकेश चालड, अजित चालक, हिरुलाल चालक, श्मामा पद चालक, मानिक वाउरी, अमरजीत चालक, अजित बाउरी, और परेश बाउरी एवं अन्य सैकड़ो लोग शामिल हैं. इंडिया गठबंधन से सिंदरी विधानसभा के प्रत्याशी चंद्रदेव महतो उर्फ बबलू महतो ने इन नए सदस्यों का माला पहनाकर स्वागत किया। बबलू महतो पहले एक शिक्षक थे और उनके पिता सिंदरी विधानसभा से तीन बार विधायक रहे हैं। यह बदलाव सिंदरी विधानसभा में राजनीतिक समीकरण को बदल सकता है। इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी चंद्रदेव महतो उर्फ बबलू महतो के साथ मुख्य रूप से शंकर महतो, शशि महतो, माधव गोराई, ब्योमकेश गोराई, फटिक दे, बंशी परमाणिक, शिवदास रजक, दिनेश सरखेल, पूर्व मुखिया, जोगेश्वर माझी, बबलू महतो, सराव सरकार, रामप्रसाद रजवाड़, संतोष महतो, रजत महतो, अभिनास महतो, शीतल दत्ता, अशुपति महतो, दिलीप महतो, प्रकाश रजक, सपन रजक, आनन्द महतो, सुनील बेदिया, सपन महतो एवं अन्य लोग उपस्थित थे । इंडिया गठबंधन से सिंदरी विधानसभा के प्रत्याशी चंद्रदेव महतो ने पत्रकारों से बातचीत में कहा मैं अपने मतदाताओं को विश्वास दिलाता हूं कि मैं उनकी आकांक्षाओं और समस्याओं को समझता हूं और उनके समाधान के लिए काम करूंगा। मेरा लक्ष्य सिंदरी विधानसभा क्षेत्र के विकास को बढ़ावा देना और यहां के लोगों का जीवन स्तर ऊंचा उठाना है। मैं झारखंड के राजनीति संत धनबाद के पूर्व सांसद स्वर्गीय ए के रॉय , स्वर्गीय विनोद बिहारी महतो और दिशोम गुरु शिबू सोरेन की विरासत को आगे बढ़ाते हुए, उनके द्वारा किए गए कार्यों को और भी विस्तारित करूंगा और नई परियोजनाएं शुरू करूंगा। मैं अपने क्षेत्र के लोगों का आभारी हूं जिन्होंने मुझे अपना समर्थन दिया है और मैं उनकी उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए काम करूंगा।

# उत्तर कोयल नहर के अधूरे कार्य पूरा करने को लेकर किसान मजदूर मोर्चा के सदस्य करेंगे अनिश्चितकालीन हड़ताल

**सुनील कुमार मिश्र रफीगंज।** किसान मजदूर मोर्चा के सदस्य रफीगंज शहर के डाक बंगला मैदान के पास कामरेड इश्तियाक अहमद खां के प्रतिमा के समीप बैठक किया। अध्यक्षता अहमद खान उर्फ लड्डू खान एवं संचालन डॉक्टर तुलसी यादव ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत कामरेड इश्तियाक अहमद ख़ां के प्रतिमा पर पुष्पाजली अर्पित कर किया गया। लड्डू खान ने कहा कि बैठक कर किसान मजदूर मोर्चा उत्तर कोयल नहर के कुट-कुट डैम मे फाटक लगाने एवं अंगरा, कोटवारा, चेंई नवादा शाखा के अधूरे कार्य को पूरा करने की मांग को लेकर किसान मजदूर मोर्चा मगध की ओर से 15 जनवरी 2025 से अनिश्चितकालीन महाधरना का करने का निर्णय लिया गया। उन्होने कहा कि राजनीति से ऊपर उठकर सभी लोग कोयल नहर को चालू करवाने में सहयोग करे। हर किसान की सपना है मगध की खेतों में पानी आये। डा तुलसी यादव ने कहा कि हर किसानों की आज सपना है कि मगध की क्षेत्र में खेतों में पानी आये । जिससे हर किसान मजदूर के घरों में खुशहाली आए। कामरेड इश्तियाक अहमद ख़ां जब तक रहे तब तक मजदूर किसानों की हक की लड़ाई लड़ते रहे। इश्तियाक अहमद ख़ां की उपलब्धि है कि बिना विधायक और सांसद बने ही रफीगंज में बिजली ग्रीड लगवाने का कार्य किया। जिससे आज पूरा गांव एवं शहर प्रकाश में है। इनका सपना था कि मगध के किसानों को खेतों में उतरी कोयल नहर का पानी पहुंचे। इसी लड़ाई को आगे बढ़ाते हुये किसान मजदूर मोर्चा मगध 15 जनवरी से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाएगी। आजादी के 74 साल बीत जाने के बाद भी किसानों की दिशा और दशा में सुधार नहीं है। सिद्धी यादव एवं लोजपा के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष विनोद कुमार दास ने कहा कि आभी तक मगध के किसानों की समस्या , दिशा और दशा में सुधार नहीं हुई है। आज लोग कोई आदर्श बिहार बनाने के नाम पर, कोई भ्रष्टाचार मुक्त राष्ट्र बनाने के नाम पर, कोई उतरी



कोयल परियोजना के नाम, कोई नेता और बेटा के नाम पर हम लोगों को आज तक ठगने का कार्य किया है। अनिश्चितकालीन हड़ताल की शुरुआत औरंगाबाद के मदनपुर प्रखंड मुख्यालय से होकर रफीगंज प्रखंड मुख्यालय में समाप्त होगी। इस मौके पर उमेश कुमार, कृष्ण देव प्रसाद, सुरेंद्र यादव, अजय कुमार, गौतम कुमार ,जितन कुमार, डॉ अखिलेश दास, मोहम्मद दानिश, मो साबिर हुसैन, हुजैफ अली, मो अरमान, कन्हाई यादव संहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# समाजसेवी ने आयुष्मान भारत योजना के प्रति ग्रामीणों को किया जागरूक

**सुनील कुमार मिश्र**
**औरंगाबाद।** आयुष्मान भारत योजना का सभी लाभुक लाभ ले सके इसके लिए औरंगाबाद के रक्तसेवक समाजसेवी बमेंद्र कुमार सिंह पिछले पांच वर्षों से प्रयासरत हैं। रविवार को जन आरोग्य योजना ,आयुष्मान भारत के प्रति सामाजिक कार्यकर्ता रक्तसेवक बमेंद्र कुमार सिंह ने रफीगंज प्रखण्ड के मई एवं चरकावां गांव में महिला एवं पुरुषों को जागरूक किया और कहा कि आवश्यकता पड़ने पर सहयोग किया जायेगा। योजना के प्रति लाभुक को जागरूक करते हुये उन्हें कार्ड बनवाने के लिए प्रेरित किया। 2011 के सामाजिक,आर्थिक एवं जातिगत सर्वेक्षण के आधार पर गरीबी रेखा से नीचे बसर करने वाले लोग ही इस योजना के लाभुक थे । परन्तु अब सभी राशन कार्ड धारी लाभार्थी पात्रता सूचि में शामिल हो गए हैं। इस योजना के तहत प्रति परिवार प्रति वर्ष पांच लाख रुपए

❐ **आयुष्मान भारत योजना के लाभुक सभी राशन कार्डधारी हैं : बमेंद्र**

स्वास्थ्य बीमा का प्रावधान है। जिनका इलाज एवं सर्जरी सूचीबद्ध अस्पतालों में निःशुल्क किया जाता है। बमेंद्र ने बताया की औरंगाबाद को आयुष्मान बनाने का मेरा प्रयास है और लगातार इस दिशा में सेवा दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि औरंगाबाद जिला में आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत लगभग बीस लाख लाभुक लोग हैं। मेरा प्रयास शत प्रतिशत लाभुकों का आयुष्मान कार्ड बनवाकर उन्हें लाभ दिलवाये।

# सारण इंस्टीट्यूट ऑफ़ नर्सरी टीचर ट्रेनिंग के टॉप प्रशिक्षुओं को किया गया पुरस्कृत

❐ **भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए देश की प्रारंभिक शिक्षा को मजबूत करना आवश्यक : समरेंद्र**



**दैनिक शुभ भास्कर, छपरा(बिहार)27 अक्टूबर 2024:-** सारण इंस्टीट्यूट ऑफ़ नर्सरी टीचर ट्रेनिंग के उत्तीर्ण टॉप 20 प्रशिक्षुओं का पुरस्कार सह सम्मान समारोह कार्यक्रम मकेर में आयोजित किया गया।जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में परिवर्तनकारी प्रारम्भिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष समरेंद्र बहादुर सिंह उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि भारत को विश्व गुरु बनने के लिए प्रारंभिक शिक्षा को मजबूत करना बेहद आवश्यक है। आज दुनिया का वह देश जिसकी शिक्षा और तकनीक बेहतर है वही विश्व मे विकसित देशों की श्रेणी में आता है। अमेरिका, जापान,चीन जैसे देशों में प्रशिक्षण को बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है। एक प्रशिक्षित व्यक्ति जीवन में अपार सफलता को प्राप्त करता है साथ ही वह हर क्षेत्र में अव्वल रह सकता है।प्रशिक्षण जैसे एक सैनिक के लिए आवश्यक है उसी प्रकार एक शिक्षक का भी प्रशिक्षित होना आवश्यक है। शिक्षक नेता ने कहा कि सरकार को नर्सरी शिक्षा पर विशेष जोर देने की जरूरत है। उन्होंने सरकार से मांग किया कि बिहार के नौनिहालों के शिक्षा के मजबूत नींव के लिए आंगनबाड़ी केंद्रों पर कार्यरत सेविकाओं को प्रशिक्षित किया जाए तथा आगामी बहाली में नर्सरी टीचर ट्रेनिंग प्राप्त अभ्यर्थियों को बहाल किया जाए। जिससे बच्चों का प्रारम्भिक शिक्षा बेहतर हो । इस मौके पर शिक्षक नेता इंद्रजीत महतो,अशोक यादव,निजाम अहमद, उमेश यादव,गुलजार जी,अताउल्लाह जी, मो० परवेज,मो० साबिर,बबलू जी,अनिल जी उपस्थित थे।

# सोशल एक्टिविस्ट ने जिले के प्रसिद्ध समाजसेवी डॉक्टर प्रकाश चंद्रा के प्रति आभार व्यक्त किया

**दैनिक शुभ भास्कर ,**
**अनिल कुमार मिश्र संपादक, बिहार -झारखंड प्रदेश ।**
**औरंगाबाद (बिहार) 27 अक्टुबर 2024 :-** सोशल-एक्टिविस्ट डॉ संजय रधुवर नें संदेश में कहा, विगत पिछले कई महीनो से गंभीर बीमारियों से ग्रसित हूं और लगभग सामाजिक गतिविधियों से दूर ही हो चुका हूं! जिसके वजह से तमाम लोगों से हमारे संपर्क टूट चुके हैं! पिछले एक सप्ताह से सीने में काफी दर्द रह रहा है तथा काफी घबराहट महसूस हो रही है, ऐसी स्थिति में जिले के प्रसिद्ध समाजसेवी विगत विधानसभा चुनाव में ओबरा विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार रहे डॉक्टर प्रकाश चंद्र जी के प्रति में आभार व्यक्त करना चाहूंगा कि उन्होंने तत्काल समुचित

● **डॉक्टर प्रकाश चंद्र का तुलना इस जिले में किसी से नहीं की जा सकती- डॉ संजय रधुवर**

चिकित्सा के लिए हमारी मदद की! आज उनके मैनेजर श्री पांडे जी मेरे आवास पर आए और उनकी ओर से मेरी भरपूर आर्थिक मदद की गई है। श्री रघुवर ने यह भी कहा प्रखंड में एवं जिले में मेरे कई लोगों से अच्छे संबंध रहे हैं किंतु किसी ने कभी फोन करना भी उचित नहीं समझा , ठीक इसके विपरीत डॉक्टर प्रकाश चंद्र जी के किसी भी संगठन में या उनके मुहिम में मैं शामिल नहीं रहा हूं इसके बावजूद भी जानकारी मिलने पर उन्होंने हमारे भरपूर मदद की! कल मैं पटना जाऊंगा और इंदिरा गांधी हृदय रोग संस्थान में दिखाऊंगा! वहां इंदिरा गांधी संस्थान में मुझे कोई परेशानी नहीं हो इसकी व्यवस्था तो पहले ही पथ निर्माण विभाग में सुपरिंटेंडेंट इंजीनियर रहे भाई विनय चंचल जी ने कर दी है! श्री रघुवर ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए कहा राजनीति में ढेर सारे लोग हैं और अब तो पैसे वाले लोग ही मूल रूप से राजनीति में हैं किंतु डॉक्टर प्रकाश चंद्र जी का जिस तरह का जन सेवा का कार्य जो होता है या हो रहा है उसकी तुलना इस जिले में किसी से नहीं की जा सकती! मैं डॉ प्रकाश चंद्र जी के प्रति आभार व्यक्त करता हूं!

# दीपावली पर्व एवं छठ पूजा को ले कर शांति समिति की बैठक

**सुनील कुमार मिश्र**
**औरंगाबाद।** जिले के रफीगंज थाना परिसर में थानाध्यक्ष गुफरान अली के देख रेख में दीपावली पर्व, एवं छठ पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक की गई। बैठक में क्षेत्र के समाजसेवी एवं जनप्रतिनिधि शामिल हुए। थानाध्यक्ष ने कहा कि दीपावली एवं छठ पर्व हमारे लिए अहम पर्व है। जिसे शांति व्यवस्था के बीच मनाने के लिए हम कटिबद्ध हैं। दीपावली पर्व में जगह जगह लक्ष्मी गणेश की प्रतिमा का पूजन के साथ आयोजक विधि व्यवस्था भी बनाये रखें। पूजा के दौरान किसी तरह की आपत्तिजनक जानकारी मिलती है तो अविलंब थाना को सूचना दें। वहीं छठ पूजा के लिए छठ घाट की सफाई एवं आयोजन स्थल पर विशेष निगरानी आयोजकों के द्वारा की जानी चाहिए। पर्व को क्षेत्र में शांतिपूर्ण मनायें। इसके लिए



अभी से ही पुलिस गश्ती तेज कर दी गई है। तथा जगह-जगह पर वाहनों की चेकिंग की जा रही है। रफीगंज थाना क्षेत्र में ग्रामीण एवं शहरी स्थानों पर आयोजन किया जा रहा है। सभी आयोजक अपना कमिटी पर निगरानी रखे। साथ ही डीजे पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाया गया है। डीजे बजाने पर कमिटी के सदस्यों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर वार्ड पार्षद सह राजद नेता नुरुल हुदा खान, टुन खाँ, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सुबोध कुमार सिंह, रविंद्र सिंह, राजद महासचिव रणविजय यादव , पवन कुमार, उप मुखिया कृष्ण कुमार गुप्ता ,शुभम सिंह, बबलू सिंह ,रंजीत चौरसिया, अजय कुमार चौधरी ,पूर्व मुखिया विजय विश्वकर्मा, प्रकाश कुमार, उपेंद्र यादव, सुभाष कुमार, विजय कुमार, मनोज सिंह, सहित अन्य लोग शामिल थे।

# दुर्लभ रक्त समूह से कोलकाता में मरीज को नई जीवन की आस मिली

**दैनिक शुभ भास्कर**
**शीतल दत्ता ,वरीय संवाददाता**
**धनबाद 27 अक्टूबर 2024:** समर्पण एक नेक पहल संस्था के संस्थापक सदस्य अजय चौहान के पहल पर कोलकाता में ईलाजरत मरीज को दुर्लभ रक्त समूह ए नेगेटिव 11 यूनिट रक्त और 7 यूनिट प्लेटलेट्स उपलब्ध कराई गई। पश्चिम बंगाल कोलकाता के नेताजी सुभाष चंद्र बोस कैंसर हॉस्पिटल में ईलाजरत अत्यंत गंभीर मरीज जो पिछले 16 दिनों से भर्ती हैं, डॉक्टर के अनुसार मरीज की हालत बहुत गंभीर बताई जा रही है। मरीज को कई बीमारियों से ग्रसित बताया गया है और डॉक्टर भर्ती करने के पहले दिन से ही दुर्लभ रक्त समूह ए नेगेटिव ब्लड तथा प्लेटलेट्स की माँग कर रहे हैं। मरीज के परिजन जो धनबाद के रहने वाले हैं, उन्होंने सामाजिक संस्था समर्पण एक नेक पहल के





संस्थापक सदस्य अजय चौहान को सूचना देते हुए आग्रह किया कि यहां पर इतना दुर्लभ रक्त का व्यवस्था कैसे करें, यह जगह हम सभी के लिए बिलकुल नया है, ना किसी से जान पहचान और ना कोई सगा संबंधी है जो हमारी मदद करें। इसके पश्चात अजय चौहान ने कोठारी ब्लड बैंक से 5 यूनिट ब्लड 3 यूनिट प्लेटलेट्स, एनसीआरआई से 1 यूनिट ब्लड 3 यूनिट प्लेटलेट्स, सरोज गुप्ता हॉस्पिटल से 1 यूनिट ब्लड 1 यूनिट प्लेटलेट्स, सेंट्रल ब्लड बैंक से 1 यूनिट ब्लड, पीपल ब्लड बैंक से 2 यूनिट ब्लड और अशोक ब्लड बैंक से 1 यूनिट ब्लड बात कर मरीज के लिए उपलब्ध कराया और इसके बदले में धनबाद के रक्तवीर राहुल कुमार दास, गुड्डु सिंह तथा मुकेश चौहान ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस ब्लड बैंक पहुंच कर रक्तदान किया, जिसे जरूरत पड़ने पर किसी अन्य जरूरतमंद की सहायता की जा सके। इस प्रकार कुल 11 यूनिट ब्लड तथा 7 यूनिट प्लेटलेट्स वो भी ए नेगेटिव जैसे दुर्लभ रक्त समूह का मरीज को संस्था के द्वारा लगातार रक्त उपलब्ध कराई जा रही है। इसमें संस्था के संस्थापक सदस्य अजय चौहान के साथ संस्था के सक्रिय सदस्य नौशाद अंसारी का अहम योगदान रहा। चौहान ने कहा कि हमारी संस्था से जितना हो सके हम हर संभव मदद करने के लिए तैयार हैं। हम सभी केवल एक माध्यम हैं किसी की जान बचाने की कोशिश कर सकते हैं। जीवन देना या लेना वो सिर्फ भगवान के हाथ में हैं।

# शैक्षिक सम्मेलन में शिक्षक राष्ट्र का निर्माता शिक्षा और संस्कारो पर मंथन हुआ

**जमनेश आमेटा दैनिक शुभ भास्कर मावली उदयपुर।** मावली कस्बे के राजस्थान शिक्षक संघ (अंबेडकर) का जिला स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन डॉक्टर भीमराव अंबेडकर वेलफेयर सोसाइटी झालाना डूंगरी जयपुर में आयोजित हुआ जिसकी अध्यक्षता विकास आसीवाल एवं मुख्य अतिथि जगदीश चंद्र मीणा पावटा , अति विशिष्ट अतिथि प्रदेश संरक्षक एवं सलाहकार पूर्व प्रदेश महामंत्री सुरेश कुमार देशबंधु उदयपुर, महिला अतिथि नमिता सोलंकी, मूर्ति आसीवाल, विशिष्ट अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष लल्लू राम बुनकर, रामनारायण मावलिया, मनोज टांक, रविंद्र जाटव, प्रदेश संरक्षक हुकमाराम बरवड़ जिला संयोजक विनोद रलावता , नवल किशोर तोमर , डॉ मुकेश कुमार, सी बी ई ओ सांभर छोटेलाल बुनकर, राजकुमार टांक राजस्थान विधानसभा, वेलफेयर सोसाइटी समिति के महासचिव जी आर वर्मा आदि उपस्थित रहे । सर्वप्रथम सभी अतिथियों द्वारा डॉक्टर भीम राव अम्बेडकर जी की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर माला एवं पुष्प अर्पित किए गए । समस्त जिला कार्यकारिणी के सदस्यों द्वारा मंचासीन मेहमानों का कुमकुम से तिलक ,साफा ,माला पहना कर स्वागत अभिनन्दन किया गया । दो दिवसीय जिला स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन में



शिक्षक और बालकों की विभिन्न समस्याओ पर मंथन करते हुए शिक्षक राष्ट्र का निर्माता होता है ,बालकों का सर्वांगीण विकास शिक्षा से ही होता है । गुरु और शिष्य का सामंजस्य ही देश का विकास एवं नई शिक्षा नीति नियम से राष्ट्र आगे बढ़ेगा । सभी ने शिक्षक समस्याओं पर चर्चा और मंत्रणा की गई । समापन समारोह के अंत में सभी अतिथियों का अभिनंदन धन्यवाद से आभार जिला अध्यक्ष विकास आसीवाल द्वारा किया गया । इस दौरान जिले के समस्त ब्लॉक अध्यक्ष, महामंत्री , जिला कार्यकारिणी के शिक्षक सदस्य, पदाधिकारी उपस्थित रहे ,जिसमें जिला महामंत्री महेंद्र कुमार बुनकर , सभा अध्यक्ष जितेंद्र कुमार, जिला उपाध्यक्ष अनिल कुमार , जिला कोषाध्यक्ष अश्विन कुमार कैलाश,रामवृक्ष बुनकर, महेश चंदोलिया, कमल कुमार पचारिया, कन्हैयालाल बुनकर, रामचरण बुनकर, किशन महावत, प्रहलाद बुनकरआदि सैकड़ो शिक्षक उपस्थित रहे । कार्यक्रम का मंच संचालन पूर्व प्रदेश महामंत्री सुरेश कुमार देशबंधु उदयपुर द्वारा किया गया ।।

## संक्षिप्त समाचार

### अवैध लॉटरी के साथ एक युवक धराया

**उधवा।** राधानगर थाना पुलिस ने रविवार को थाना क्षेत्र के पहाड़गांव ईदगाह मोड़ के समीप अवैध लॉटरी के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना क्षेत्र के पहाड़गांव के सलीम शेख को पुलिस ने 183 पीस अवैध लॉटरी के साथ गिरफ्तार किया है। जिसका अनुमानित कीमत करीब 41 हज़ार रूपया बताया जा रहा है। मामले में पुलिस ने थाना कांड संख्या 197/24 व सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपित को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। छापेमारी दल में थाना प्रभारी नितेश कुमार पांडेय सहित अन्य पुलिस बल मौजूद थे।

### 30 अक्टूबर 2024 तक जमा करें शस्त्र

#### विधानसभा आम निर्वाचन-2024 को लेकर उपायुक्त सह ज़िला दंडाधिकारी ने जारी किया आदेश

**साहिबगंज।** विधानसभा आम निर्वाचन-2024 को लेकर विधि-व्यवस्था संधारण, जन शांति बनाए रखने व निष्पक्ष चुनाव हेतु अनुज्ञप्तिधारी शस्त्रों को सुरक्षित रखा जाना है। उपायुक्त- सह- ज़िला दंडाधिकारी ने ज़िला के सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों को अपने शस्त्र-शस्त्रों (कारतूस सहित) को स्थानीय थाना अथवा अधिकृत शस्त्र व कारतूस विक्रेता के पास 30 अक्टूबर, 2024 तक विधिवत सुरक्षित रखवाना सुनिश्चित करेंगे।इस आदेश के उल्लंघन की स्थित में भारतीय दंड संहिता की धारा 188 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई तथा शस्त्र अधिनियम व नियमावली के आलोक में उनकी अनुज्ञप्ति रद्द करने की कार्रवाई की जाएगी।

### महिला ने पुलिस से लगाई गुहार

**साहिबगंज।** मुफ़स्सिल थाना क्षेत्र के बड़ी कोदरंजना निवासी अलवेदा खातून ने थाना में आवेदन देकर अपने ही पति मो नाजिर खान समेत ससुराल वालों पर मारपीट कर घर से निकालने का आरोप लगाया है। महिला ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। मुफस्सिल थाना प्रभारी मदन कांत ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### तीन वर्षीय बच्ची पर कुत्ता ने किया हमला

**साहिबगंज।** तालझारी थाना क्षेत्र के बांसकोला में रविवार को आवारा कुत्ते ने अर्जुन सोरेन की तीन वर्षीय पुत्री के ऊपर हमला कर उसे घायल कर दिया। आनन-फानन में परिजनों ने उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया है। परिजनों ने बताया कि बच्ची अपने घर के पास ही खेल रही थी। इस दौरान एक कुत्ते ने उस पर हमला कर उसे घायल कर दिया।

### बोरियों पुलिस ने आईटीबीपी जवानों के साथ किया फ्लैग मार्च



**बोरियों।** रविवार को बोरियों पुलिस एवं आईटीबीपी के जवानों के साथ फ्लैग मार्च एवं एरिया डॉमिनेशन के जरिए शान्ति पूर्ण रूप से मतदान करने का संदेश दिया। इस दौरान कई बूथों का निरीक्षण किया। मौके पर थाना प्रभारी पंकज वर्मा एएसआई उमेश उपाध्याय आईटीबीपी के दर्जनों जवान सहित अन्य मौजूद थे।

### मुफ़स्सिल थाना पुलिस ने महिला समेत पांच वारंटियों को भेजा जेल



**साहिबगंज।** मुफस्सिल थाना पुलिस ने रविवार को महिला समेत पांच को गैर जमानतीय वारंटी को रविवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी मदन कांत ने बताया कि वारंटियों में बुधुराम सिंह, राजकुमार सिंह, दीनानाथ सिंह व दो अन्य महिला शामिल है।

# बोकारो में ईवीएम वज्रगृह को सील किया गया


## चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित






**दैनिक शुभ भास्कर, साजिद ब्यूरो चीफ(झारखंड)।** बोकारो में स्थित ईवीएम वज्रगृह को सील करने की प्रक्रिया दिनांक 27अक्टूबर 2024 पूरी हो गई है। यह कार्य आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार विभिन्न राजनीतिक पार्टी प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी डीईओ सह डीसी बोकारो विजया जाधव, पुलिस अधीक्षक मनोज स्वर्गियारी, निर्वाची पदाधिकारी 34 गोमिया विधानसभा क्षेत्र सह अपर समाहर्ता मुमताज अंसारी, निर्वाची पदाधिकारी 35 बेरमो विधानसभा क्षेत्र सह एसडीओ बेरमो मुकेश मछुआ, निर्वाची पदाधिकारी 36 बोकारो विधानसभा क्षेत्र सह एसडीओ चास सुश्री प्रांजल ढ़ांडा, निर्वाची पदाधिकारी 37 चंदनकियारी विधानसभा क्षेत्र सह डीसीएलआर चास प्रभाष दत्ता, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रेमचंद सिन्हा समेत ईवीएम कोषांग के नोडल पदाधिकारी मोहम्मद सफीक आलम/ पियुष एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे। इस दौरान, झारखंड मुक्ति मोर्चा, भारतीय जनता पार्टी, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी, और राष्ट्रीय जनता दल सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी मौजूद थे। ईवीएम वज्रगृह को सील करते समय, जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने संबंधित क्षेत्र के निर्वाची पदाधिकारी को चाबी सौंप दी गई। यह कदम चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है। ईवीएम वज्रगृह को सील करने से यह सुनिश्चित होता है कि ईवीएम मशीनें सुरक्षित और अक्षुण्ण रहें, और चुनाव परिणामों की विश्वसनीयता बनी रहे।

## सिंदरी विधानसभा से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी चंद्रदेव महतो की जीत के लिए महागठबंधन कार्यकर्ताओं का एकजुट प्रयास




**दैनिक शुभ भास्कर शीतल दत्ता ,वरीय संवाददाता (धनबाद)।** झारखंड के सिंदरी विधानसभा से महागठबंधन प्रत्याशी चंद्रदेव महतो उर्फ बबलू महतो के जीत को सुनिश्चित करने के लिए दिनांक 27 अक्टूबर 2024 को आमटाल पंचायत के सभी सक्रिय कार्यकर्ताओं ने गांव का दौरा किया । इस दौरान प्रभास पाल, पतित पावन माझी, शीतल दत्ता, सुरजीत चंद्र, मुकेश बावरी, हारु बावरी, आलोक माझी, तन्मय माझी, निरंजन महतो, मोहन रवानी, आशीष भट्टाचार्य, छोटन महतो, काजल दा सहित कई अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। महागठबंधन के कार्यकर्ताओं ने अपने गांव जाकर लोगों से संपर्क स्थापित किया और उन्हें अपने नेता चंद्रदेव महतो उर्फ बबलू महतो के लिए समर्थन मांगा। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने लोगों की समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया। यह दौरा महागठबंधन के कार्यकर्ताओं की एकता और मजबूती को दर्शाता है और यह संकेत देता है कि वे अपने प्रत्याशी की जीत के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।


## बोरियो विधानसभा के कांग्रेस कार्यकर्त्ता ने महागठबंधन प्रत्यासी धनंजय सोरेन से शिष्टाचार मुलाकत



**बोरियो।** बोरियो विधानसभा के कांग्रेस के कार्यकर्त्ता ने महागठबंधन प्रत्यासी धनंजय सोरेन से मिलकर युवा कांग्रेस के बोरियो विधानसभा अध्यक्ष असगर अफरीदी नें अपना पूरा समर्थन देने की बात कही। इस मौके पर बोरियो प्रखंड उपाध्यक्ष तारिक अजीज, प्रखंड सचिव मुमताज़, समसाद आलम, युवा प्रखंड उपाध्यक्ष जोसफ बेसरा, मण्डरो प्रखंड उपाध्यक्ष दानियल टुडू सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्त्ता मौजूद थे।

# परिवहन विभाग एवं हिरणपुर थाना प्रभारी ने किया सघन वाहन जांच





**पाकुड़ :** विधानसभा आम चुनाव 2024 के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता के सभी नियमों का अनुपालन कराने को लेकर हिरणपुर -लिट्टीपारा मुख्य पथ पर स्थित रानीपुर चेकपोस्ट (चांदपुर) पर जिला परिवहन विभाग एवं हिरनपुर पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में सभी प्रकार के वाहन जांच अभियान चलाया गया। जिसमें सभी दो पहिया, चार पहिया एवं अन्य वाहनों के जरुरी कागजात, सीट बेल्ट, डिक्की, हेलमेट, ड्राइविंग लाइसेंस, ड्रंक एंड ड्राइव जैसे कई जरुरी चीजों की जांच की गई। जांच के क्रम मे 27 वाहनो से कुल 52300/- (बावन हजार तीन सौ ) रूपये का ऑनलाइन इपास मशीन से चालान निर्गत किया गया तथा सभी वाहन चालकों से अनुरोध किया गया कि अपने वाहन चलाते समय मोटर वाहन अधिनियम के सभी धाराओं का अनुपालन करने के साथ आदेशानुसार आदर्श आचार अंहित का पालन अवश्य करे, नहीं तो होगी कार्यवाही। जांच के क्रम मे सहायक थाना प्रभारी हिरणपुर नविन कुमार , जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक रितेश कुमार सिंह, रोड इंजीनियर एनालिस्ट मो अज़हद अंसारी एवं अन्य उपस्थित रहे।

## मदरसा में बच्चों के बीच क्विज़ व डिबेट प्रतियोगिता



**उधवा।** पतौड़ा पंचायत के दरगाहडंगा में स्थित पीर बाबा बहाउद्दीन कादरी मदरसा में बच्चों के बीच रविवार को दो दिवसीय इस्लामिक क्विज़ व डिबेट प्रतियोगिता का समापन हुआ। प्रतियोगिता में पूछे गए सवालों ज़वाब देकर बच्चों ने अपनी क्षमता का परिचय दिया। प्रतियोगिता में तकरीर के लिए रूह आलम जिला मालदा को प्रथम स्थान,जीशान आलम वेस्ट बंगाल के कोलकाता को द्वितीय स्थान व हबीबुर को तीसरा स्थान मिला।अच्छे नात पढ़ने के लिए अली हैदर प्रथम स्थान,तहसीन दूसरा व दिलशाद को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। जबकि मधुर स्वर में अज़ान पढ़ने वालों में फारूख प्रथम,शमसीर द्वितीय व अली हैदर को तीसरा स्थान हासिल हुआ। वहीं प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले अन्य बच्चों को भी पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता में क्विज़मास्टर के रूप में हाफ़िज़ क़माल पीपरपुर, मुफ्ती मुमताज़ हुसैन एवं मौलाना अब्दुल खालिक बागपिंजरा व फारुख शम्सी सहित इलाके के कई बड़े-बड़े नामचीन उलमा मौजूद थे। मौके पर मौजूद मौलाना अब्दुल खालिक ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिता से बच्चे अपनी शैक्षिक क्षमता का आंकलन कर लेते हैं और वह कड़ी मेहनत में जुट जाता है। इस दौरान मदरसा के बच्चों ने उलमाओं के द्वारा कुरान-हदीस व सामान्य ज्ञान से पुछे गए सवालों का जवाब बाखूबी दिया। इस दौरान आयोजक हाफ़िज़ तजामुल अंसारी,नुरूल हक, साबीर आलम, इब्राहीम शेख़ व सौकत शेख़ सहित अन्य मौजूद थे।

## बरहरवा नगर के प्रोफेसर कॉलोनी मे कांग्रेस पार्टी ने किया बैठक



**बरहरवा।** रविवार को बरहरवा प्रखंड के प्रोफेसर कॉलोनी स्थित निताई सरकार के प्रांगण में नगर पंचायत के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एक बैठक किया|बैठक में कांग्रेस पार्टी के साहिबगंज जिला अध्यक्ष बरकततुला खान के अलावे काफी संख्या में अन्य लोग भी उपस्थित थे ।बैठक को संबोधित करते हुए कांग्रेस के बरहरवा महासचिव नेताई सरकार तथा बरकततुला खान ने कांग्रेस के प्रत्याशी निशात आलम को भारी से भारी मतों से जीतने का अपील करते हुए बताया कि कांग्रेस पार्टी के हर कार्यकर्ता महीने में तीसो दिन जनमानस की सेवा के लिए तत्पर रहता है और आगे भी रहेगा|लोगों ने यह भी बताया कि बरहरवा नगर पंचायत को विकास के राह पर लाने में पूर्व मंत्री आलमगीर आलम का बहुत बड़ा योगदान रहा है जिससे आप लोग भी वाकिफ हैं|गठबंधन की सरकार ने बहुत ही कम समय में लोगों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के लिए बहुत सारी महत्वाकांक्षी योजनाएं चलाई है जिनमें से साथी सर्वजन पेंशन योजना, बिजली माफी योजना ,फूलों झानो योजना,मईया सम्मान योजना जैसी योजनाओं को धरातल पर उतारा है। और हर एक परिवार को लाभ देने का काम किया है और आगे भी करती रहेगी हम सभी नगर वासियों से अपील करेंगे की दोबारा महागठबंधन की सरकार बनने में आप सभी अपना योगदान दे और कांग्रेस के प्रत्याशी निशांत को जीताकर विधानसभा भेजने का काम करें ताकि आने वाले समय में भी हम सभी योजनाओं का लाभ उठा सके।

# महागठबंधन के सभी घटक दलों ने सांसद विजय हांसदा के चौथल में की बैठक





**बरहरवा।** प्रखंड के बंगाली पाड़ा स्थित राजमहल सांसद विजय हांसदा के चौथल में बुधवार को झामुमो तथा कांग्रेस सहित महागठबंधन के सभी घटक दलों ने संयुक्त रूप से एक बैठक की बैठक में मुख्य रूप से सांसद विजय हांसदा, कांग्रेस जिला अध्यक्ष बरकततुला खान सहित महागठबंधन के सभी घटक दलों के गणमान्य नेता तथा कार्यकर्ता गण उपस्थित थे| बैठक का मुख्य उद्देश्य आने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर था जिसमें सभी नेता गणों ने बारी-बारी से अपना सुझाव एवं दिशा निर्देश दिए।कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सांसद विजय हांसदा ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा के सभी सदस्य एवं कार्यकर्ता पार्टी द्वारा घोषित महागठबंधन के सभी प्रत्याशी को जीताने के लिए हर संभव प्रयास करें तथा झारखंड मुक्ति मोर्चा के सभी पदाधिकारीगण लगन से साथ दें।वही बरकततुला खान ने कहा कि आपस में सभी गठबन्धन के कार्यकर्त्ता एक जुट होकर अपने-अपने क्षेत्र में जाकर महागठबंधन सरकार ने पिछले 5 सालों में जितने भी कार्य किए है उन सभी कार्यों तथा योजनाओं को जनता के बीच रखें तथा पुनः महागठबंधन की सरकार बनाने की अपील करें। साथ ही यह भी कहा कि जिस प्रकार पिछले लोकसभा चुनाव में कार्यकर्ताओं की लगन एवं जनता के विश्वास ने भारी मतों से विजय बनाकर अपना सांसद तैयार किया ठीक उसी जोश के साथ इस बार राजमहल लोक सभा में पड़नेवाले सभी विधानसभा चुनाव में अपने प्रत्याशी को ऐतिहासिक वोटो से विजय बनाने का कार्य करें। उक्त बैठक में झामुमो ज़िला अध्यक्ष शाहजहान अंसारी,राजद ज़िला अध्यक्ष सत्यनारायण यादव,राजमहल विधान सभा के झामुमो प्रत्याशी एम.टी .राजा,रैसुल आलम, कमल आर्य, मो.नसीरुद्दीन,प्रो. नजरुल इस्लाम, अशोक कुमार दास, रणजीत टुडू,नाबीद अंजुम,भोला महतो, मिथुन मण्डल, अनन्त लाल भगत,निताय सरकार, राबीउल, दिलदार आलम, अब्दुल गफुर, अब्दुल कादीर, शक्तिनाथ अमन,इक्वाल, धरमवीर,अहमद, ऐनुल अंसारी,बद्रुदोजा, देवेन्द्र ठाकुर, तैमूर आलम, परवेज आलम, कमरूल हक, असगर सहित मौजूद थे।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बरहरवा का औचक निरक्षण किया



**साहिबगंज।** रविवार को सिविल सर्जन साहिबगंज डॉo प्रवीण कुमार संथालिया के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बरहरवा का औचक निरक्षण किया गया।निरीक्षण के क्रम में ओपीडी, आईपीडी, प्रसव कक्ष,उपस्थिति पंजी , अस्पताल मे साफ -सफाई आदि को देखा।सिविल सर्जन साहिबगंज के द्वारा उपस्थित बीपीएम , बीएएम, एवं पारामेडिकल कर्मीयों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए समय पर ड्यूटी आकर मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने का निर्देश दिया गया ।

## संपादकीय

# आत्म-मंथन का विषय

हर सेवा से पैसा कमाने का चलन अब मरीज की मजबूरी से फायदा उठाने तक पहुंच गया है। मांग एवं सप्लाई के सिद्धांत यहां भी लागू होना समाज की कैसी सूरत को जाहिर करता है, यह हम सबके लिए आत्म-मंथन का विषय है। तो अब यह चलन इलाज में पहुंच गया। बड़े प्राइवेट अस्पताल अब सर्जरी या बेड की प्राथमिकता मरीजों की जरूरत के हिसाब से नहीं, बल्कि इस हिसाब से तय कर रहे हैं कि उनमें से कौन ज्यादा पैसा देगा। मतलब यह कि अस्पताल में पहले से ज्यादा मरीज भर्ती हों, तो नए मरीज को इलाज के लिए ज्यादा पैसा देना पड़ेगा। ठीक उसी तरह जैसे विमान या ट्रेन यात्रा में देना पड़ता है। जैसे-जैसे यात्रियों की संख्या बढ़ती है, टिकट महंगे होते जाते हैं। यही तरीका अब अनेक अस्पताल अपना रहे हैं। इस बारे में आई छपी एक विस्तृत रिपोर्ट के मुताबिक हेल्थ सेक्टर में यह नया चलन देखने को मिल रहा है। इससे मरीजों पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। मरीजों के साथ-साथ मेडिकल बीमा कंपनियों को बढ़ी हुई लागत उठानी पड़ रही है। खबर है कि बीमा कंपनियां इस सूरत को ध्यान में रख कर पॉलिसी प्रीमियम बढ़ाने जा रही हैं। बीमा कंपनियों के मुताबिक इलाज का खर्च साल-दर-साल बढ़ रहा है। इलाज खर्च सामान्य महंगाई की दर के मुकाबले 14 फीसदी से ज्यादा बढ़ा है। वैसे में अस्पताल सर्ज प्राइस के ताजा नियम से इलाज और महंगा बना रहे हैं। नए नियम के कारण इलाज खर्च में करीब 20 फीसदी की तेजी आई है। यहां तक कि अब रुटीन इलाज में भी अस्पताल नया नियम लागू करने लगे हैं। यानी इनमें भी पीक चार्ज लागू हो रहा है। जानकारों के मुताबिक अस्पतालों ने सिर्फ सर्ज प्राइस का नया नियम ही लागू नहीं किया है। बल्कि वे कई नए तरीके अपना रहे हैं, जिससे इलाज महंगा होता रहा है। मसलन, पहले एंजियोप्लास्टी अस्पताल एक पैकेज के रूप में करते थे। इसमें एंजियोग्राम और स्टेंटिंग को एक ही कीमत में शामिल किया जाता था। लेकिन अब कई अस्पताल इसके लिए वे अलग-अलग फीस वसूल रहे हैं। सार यह कि हर सेवा से पैसा कमाने का चलन अब मरीज की मजबूरी से फायदा उठाने तक पहुंच गया है। मांग एवं सप्लाई के सिद्धांत यहां भी लागू होना समाज की कैसी सूरत को जाहिर करता है, यह हम सबके लिए आत्म-मंथन का विषय है।

## स्तुति, प्रार्थना, उपासना श्रेष्ठ

यह मानव का आदि सनातन मन है कि उसके मन में गलत, अधर्म, पाप, अपराध कर्म अथवा आचरण करते समय जाने -अनजाने ही ईश्वर का स्मरण अवश्य आता है, परंतु वह उसे भूलकर अथवा नकारकर अपना कर्म कर ही बैठता है। ईश्वर के सर्वत्र व्याप्त, सबकी बात को, सबके कर्म को देखने, सुनने संबंधी अर्थात परमेश्वर के यथार्थ दर्शक, यथार्थ श्रोता होने संबंधी मत को मानने वाले मानव के इस सनातन मन के समान ही वेद में भी परमेश्वर को यथार्थ श्रोता कहा गया है। व्यकित के कर्म को ईश्वर अवश्य ही देख रहा है, सुन रहा है। यह बात मानव मन में बैठी हुई है। यह मानव का आदि सनातन मन है कि उसके मन में गलत, अधर्म, पाप, अपराध कर्म अथवा आचरण करते समय जाने -अनजाने ही ईश्वर का स्मरण अवश्य आता है, परंतु वह उसे भूलकर अथवा नकारकर अपना कर्म कर ही बैठता है। ईश्वर के सर्वत्र व्याप्त, सबकी बात को, सबके कर्म को देखने, सुनने संबंधी अर्थात परमेश्वर के यथार्थ दर्शक, यथार्थ श्रोता होने संबंधी मत को मानने वाले मानव के इस सनातन मन के समान ही वेद में भी परमेश्वर को यथार्थ श्रोता कहा गया है। वैदिक मान्यतानुसार परमेश्वर सबकी स्तुतियों, प्रार्थनाओं, याचनाओं को यथार्थ रूप में सुनता है। इसलिए वैदिक ग्रंथों में परमेश्वर को व्यापक, अंतर्यामी यथार्थ श्रोता कहा गया है। जीवात्माओं को तो शरीर, ज्ञानेन्द्रियां, कर्मेन्द्रियां और अन्तःकरण चतुष्टय प्राप्त हैं, जिनके माध्यम से जीवात्मा अपना सब व्यवहार सम्पादित करता है, परंतु परमेश्वर को जीवात्मा के समान शरीरादि की आवश्यकता नहीं है। वह तो इन साधनों के बिना सब कार्य बड़ी कुशलता से निष्पादित करता है, क्योंकि वह अशरीरी अर्थात निराकार, सर्वज्ञ, सर्वव्यापक सर्वान्तर्यामी तथा परमैश्वर्यवान है। वह व्यापक और सर्वज्ञ, सर्वशक्तिमान होने से सब कुछ देखता, सुनता, जानता है। इसके लिए मुण्डकोपनिषद् में एक वचन है- यत्तददृश्यम्। अर्थात- वह अदृश्य, निराकारादि स्वरूप वाला है। यत्तददृश्यम् अर्थात उस ब्रह्म का ज्ञानेन्द्रियों से ग्रहण नहीं होता, हस्त से पकड़ा नहीं जा सकता, उसका कोई गोत्र वा वर्ण नहीं, वह नेत्र और कर्णरहित है, उसके हाथ और पाँव नहीं, वह नित्य है, व्यापक है, सर्वान्तर्यामी है, सुसूक्ष्म है, नाशरहित है। इससे स्पष्ट है कि परमेश्वर निराकार, चक्षुरादि इन्द्रियरहित होने पर भी सबका दृष्टा, श्रोता है, क्योंकि वह सर्वगत अर्थात सर्वत्र व्याप्त होने से सब कुछ देखता सुनता व जानता है। बृहदारण्यकोपनिषद् में अस्थूलम् अनणु, अचक्षुम्, अश्रोत्रम् आदि विशेषणों से युक्त करते हुए महर्षि याज्ञवल्क्य अपनी पत्नी गार्गी से उस अक्षर ब्रह्म के विषय अचक्षुकम् का अभिप्राय स्पष्ट करते हैं कि वह अविनाशी, सर्वज्ञ अक्षर ब्रह्मं चक्षुरादि इन्द्रियों से भिन्न होने से अचक्षुकम् कहा है।

# दीपशिखा भारत का मन है

हृदयनारायण दीक्षित

तीन दिन बाद भारत में दीपपर्व है। वातावरण मधुवाता है। कुछ दिन पहले गर्म हवाओं के झोंके थे। संप्रति वातायन में न शीत है और न ही उमस ताप। वर्षा रानी भी गरज बरस कर चली गईं। धन का पर्व धनतेरस है। भारत ने अपनी करेन्सी को रूपया कहा। मुद्रा का 'रूपया' नाम और भी दिलचस्प। 'रूप-या' संस्कृत से आया है। रूप-या का अर्थ हुआ-जो रूप है। रूपया बड़ा मजेदार है। आकर्षण भी है। रूप में यह कागज है। इस रूप के भीतर समस्त भौतिक वस्तुए छुपी हैं। यहाँ रूपया दो, जो पसंद है वह लो। रूपया बड़ा शक्तिशाली है। ऋग्वेद में उचित ही मुद्रा को देवताओं जैसा शक्तिशाली बताया गया है। तरह-तरह के रूप धारण करना। रूपया बहुरूपया है। धनतेरस और दीपावली लक्ष्मी आराधना की मुहूर्त है। लक्ष्मी मनुष्य को धनार्जन 'शुभ लाभ' देती हैं। अर्थशास्त्र में उद्यमी को साहसी बताया गया है। वह साहस करता है, कारखाना वगैरह लगाता है। साहस का प्रतिफल पाता है। 'शुभ लाभ' भारतीय चिन्तन का विकास है। लाभ में श्रमिकों का शोषण, टैक्सचोरी और भ्रष्टाचार भी शामिल है। 'शुभ लाभ' ईमानदार उद्यमी का हिस्सा है। पर्व त्योहार दिक् और काल के भीतर हैं। देव प्रकाशवाची हैं। जहां-जहां ज्योतिर्गमय प्रकाश, वहा वहां दिव्यता और वहां-वहां देवता। हम भा-रत हैं। भा अर्थात प्रकाश, रत यानी संलग्न। माना जाता है कि प्रकाश और अंधकार का संघर्ष सनातन है। लेकिन यह सही नहीं है। अंधकार और प्रकाश दो नहीं हैं। प्रकाश का शून्य हो जाना अंधकार है। इसी तरह अंधकार शून्य होना प्रकाश है। सूर्य प्रकाश पुंज है। उन्हें नमस्कार हमारी संस्कृति है। हम चन्द्र को अर्घ्य देकर पूंजते हैं। चन्द्र ब्रह्माण्ड का मन है। पूर्णिमा का प्रकाश उपास्य है। दूसरे ही दिन से चांद घटने लगता है और अमावस तक रोजाना घटता है। अमावस परिपूर्ण अंधकार रात्रि है। अगले दिन से अंधकार पिटता है, प्रकाश बढ़ता है, 15 दिन बाद पूर्णिमा आती है। पूनो (पूर्णिमा) का चन्द्र अपनी पूरी आभा, प्रभा दीप्ति और प्रीति के साथ खिलता है। भारत ने प्रत्येक पूर्णिमा को उत्सव बनाया। अषाढ़ पूर्णिमा का चन्द्र बादलों से भी ढकता है। लेकिन उन्मुक्त चमकता है सो इस रात गुरू पूर्णिमा। श्रावण की पूर्णिमा रक्षाबंधन होती है लेकिन शरद् चन्द्र का क्या कहना? बहुत दूर आसमान में बैठा शरद् चन्द्र धरती की प्रीति में अमृतघट उलीचता है, भारत ने शरद् पूनो के चन्द्र को बहुत प्यार किया है। वैदिक ऋषि सौ शरद् जीने के अभिलाषी थे-जीवेम शरदं शतं। सौ शरद् देखना भी चाहते थे-पश्येम शरदं शतं। शरद पूनो की दीप्ति प्रीति ज्यादा गाढ़ी है ठीक वैसे ही 15 दिन बाद आने वाली कार्तिक अमावस्या का अंधकार बाकी अमावसों से ज्यादा गाढ़ा और गहरा जान पड़ता है। भारत ने प्रगाढ़ अंधकार वाली इस रात्रि को दीपोत्सव बनाया। शरद् पूर्णिमा की रात रस, गंध, दीप्ति, प्रीति, मधु, ऋत और मधुआनंद तो इसके ठीक बाद झमाझम दीपमालिका। कार्तिकी अमावस का अंधकार प्रकाश की अनुपस्थिति ही नहीं होता। माना जाता है कि यह अस्तित्वगत होता है, अनुभूति प्रगाढ़ हो तो पकड़ में आता है। जहां जहां तमस् वहां वहां प्रकाश-दीप। प्राचीन पूर्वजों की कर्मशक्ति का रचा गढ़ा तेजोमय प्रकाश है। प्रकाश ज्ञानदायी और समृद्धिदायी भी है। भारत दीप पर्व की रात रात केवल भूगोल नहीं होता। भारत इस रात 'दिव्य दीपशिखा' हो जाता है। वातायन में शीत और ताप का प्रेम प्रसंग चलता है। घर, आंगन, तुलसी के चैबारे, गरीब किसान के दुवारे, खेत खलिहान, नगर, गांव, मकान, दुकान, ऊपर नीचे सब तरफ दीप शिखा। तुलसीदास ने रामचरितमानस उत्तर काण्ड में दीप शिखा का रूपक बनाया है। वे सात्विक श्रद्धा को गाय बताते है, जपतप नियम को गाय का चारा। फिर इस गाय से परम धर्ममय दूध निकालते हैं। निष्काम भाव की अग्नि पर उबाल कर धैर्य आदि भावों से ठंढ़ा कर दही बनाते है। इस दही से 'मुदिता मथै विचार मथानी" के जरिए मक्खन निकालते हैं। इस मक्खन को योग अग्नि पर गरम कर 'ज्ञान घृत' पाते हैं। चित्त के दिया (दीपक) में इस घी को डालते है। तीन गुण तीन अवस्थाओं (जागृत, स्वप्न, सुषुप्ति) से परे 'तुरीय अवस्था' की बाती सजाते हैं। तुलसीदास बताते हैं कि यह दीपक विज्ञानमय



है-एहि विधि लेसे दीप, तेज राशि विज्ञानमय। फिर कहते हैं "सोहमस्मि इति वृत्ति अखण्डा/दीपशिखा सोई परम प्रचण्डा।" दीपशिखा के प्रकाश में जीव ब्रह्म हो जाता है, "आत्म अनुभव सुख सुप्रकाशा।" तुलसी के सौन्दर्यबोध (बालकाण्ड) में भी दीपशिखा है "सुन्दरता कहु सुन्दर करई/छविग्रह दीपशिखा जनु बरई। दीपशिखा भारत का मन है। सभी साधकों के लिए दीप मालिका भारत के मन की स्वर्णमय दीपशिखा है। दीपक अपना हृदय-स्नेह (तेल) उड़ेलता है, बाती जलाता है। तब अंधकार से लड़ता है, प्रकाश देता है। दीपक के नीचे अंधेरा रहता है लेकिन दूसरों का तमसावृत पथ प्रकाशवान होता है। दीप पर्व स्वाभाविक ही लक्ष्मी गणेश का नीराजन मुहूर्त बना। ऋग्वेद के रचनाकाल में गण (समूह) थे। प्रत्येक गण का एक गण प्रमुख या गणपति होता था और एक आराध्य देवता यानी गण-ईश था। ऋग्वेद (2.23.1) में बृहस्पति को गणपति कहा गया है, "गणानां त्वां गणिपतिं हवामहे-आप गणों के गणपति हैं।" ये गणपति प्रकाशदाता भी हैं। (वही मन्त्र 3) ऋग्वेद के गणपति कवि हैं, विद्वान है लेकिन यजुर्वेद के गणपति 'निधिपति' भी है-निधीनां त्वा निधिपति। दीप-उत्सव है अतिरिक्त आनंद का अतिरेक। सम्पूर्णता का केन्द्र है उत्स। उत्सव इसी केन्द्रक का उफनाया आनंद है। लेकिन उत्सव उल्लास नहीं रहे। पहले उत्सव की खबर ऋतु देती थी, माह और तिथि उत्सवों की सूचना थे, अब उत्सव की खबर अखबारी विज्ञापन देते हैं। विज्ञापन नया स्वप्न संसार देते हैं। बाजारी वस्तुएं उत्सव का विकल्प नहीं हो सकती। बाजार में मादक क्रान्ति है। उत्सवी मानुष हलकान है। करें तो क्या करें? दीपावली नाक का सवाल बन गयी है। खरीददारी स्टेटस सिम्बल है। जिसने खरीददारी नहीं की, वह उत्सव से बाहर हो गया।छान्दोग्य उपनिषद् के अनुसार "सृष्टि का समस्त सर्वोत्तम और पुरूषोत्तम प्रकाशरूपा है।" परम तेजोमय सूर्य हैं।

वे सहस्त्र आयामी प्रकाशरूपा हैं। गीता के अर्जुन ने विश्वरूप देखा, उसके मुंह से शब्द फूटे "दिव्य सूर्य सहस्त्राणि-सहस्त्रों सूर्यो का प्रकाश एक साथ जगमगा उठा।" उपनिषद् के ऋषियों ने परमसत्ता की अनुभूति को प्रकाशरूप ही पाया। कठोपनिषद् (2.2.15), मुण्डकोपनिषद् (2.2.10) व श्वेताश्वतर उपनिषद् (6.10) में एक साथ गाए गए मंत्र में कहते हैं "न तत्र सूर्यो भाति, न चन्द्रतारकम/नेमा विद्युतो भान्ति कुतोऽयंमग्नि-वह न सूर्य चमकते हैं और न चांद तारे। बिजली भी नहीं, अग्नि की बात है क्या है?" बताते हैं "तमे भान्तमनुभाति सर्वं उसी के प्रकाश से यह सब प्रकाश है। तस्य भासा सर्वम् इदं विभाति-उसी की दीप्ति से यह सब प्रकाशित हैं। प्रकाश अमरत्व है, अज्ञान मृत्यु। वृहदारण्यक उपनिषद् (1.3.28) के ऋषि की प्रार्थना है, "असतो मा सद्गमय, तमसो मा ज्योतिर्गमय, मृत्योर्माऽमृतं गमयेति-हम असत् से सत्, तमम से ज्योति और मृत्यु से अमरत्व की ओर चलें।" ऋग्वेद के अंतिम सूक्त में कहते हैं, "हम साथ-साथ चलें। साथ-साथ वार्ता करें। हमारे सबके मन एक सामान हों। सामूहिकता का भाव भी उत्सव है।" भारत की ज्योतिर्गमय आकांक्षा चिरन्तन है। शुभकामना है, दीपावली भारत के जन गण मन को दीप्ति दे, आलोक दे, ज्योतिर्मय आभा दे, दीपशिखा की प्रभा दे। आत्मबोध दे, इतिहास बोध दे-मृत्र्योमां अमृतो गमय।

# ममता के प्रति जो धारणा बदल रही

अजीत द्विवेदी

पश्चिम बंगाल में इतिहास अपने को दोहराता लग रहा है। एक बाद एक हो रही भयावह घटनाएं और राज्य के अलग अलग हिस्सों में स्वंयस्फूर्त हो रहे जन आंदोलन 2011 से पहले के समय की याद दिला रहे हैं। पश्चिम बंगाल में वामपंथी शासन के पांव उखडऩे से पहले राज्य के हालात ऐसे ही थे। एक तो ममता बनर्जी ने मुख्य विपक्ष के नाते सरकार की नाक में दम किया हुआ था। नंदीग्राम में केमिकल हब बनाने के लिए भूमि अधिग्रहण और सिंगूर में टाटा की नैनो कार के प्रोजेक्ट के लिए जमीन अधिग्रहण के खिलाफ ममता ने इतना बड़ा आंदोलन खड़ा कर दिया कि साढ़े तीन दशक से सत्ता में बैठा वाम मोर्चा इसे संभाल नहीं सका। नंदीग्राम में 2007 में जो आंदोलन शुरू हुआ उसकी अंत परिणति 2011 में वाम शासन के अंत और ममता बनर्जी की ताजपोशी के रूप में हुई।अब 2026 के विधानसभा चुनाव से दो साल पहले से ठीक वैसे ही हालात बन रहे हैं, जैसे 2007 में थे। ममता बनर्जी के खिलाफ बात बात पर आंदोलन भड़क जा रहा है। फर्क इतना है कि इस बार ममता बनर्जी के सामने उनकी तरह का कोई फायरब्रांड विपक्षी नेता नहीं है। भाजपा मुख्य विपक्षी पार्टी है लेकिन उसके पास कोई चेहरा नहीं है। वह तृणमूल कांग्रेस से उधार पर लाए शुभेंदु अधिकारी के दम पर ममता बनर्जी से नहीं लड़ सकती है। भाजपा इस बात को समझ रही है तभी उसने कोई चेहरा आगे नहीं किया है और न यह दिखा रही है कि ममता सरकार के खिलाफ अलग अलग जगहों पर हो रहे आंदोलन के पीछे उसका कोई हाथ है। कई जगह सचमुच भाजपा का हाथ नहीं भी है। लोग खुद से आंदोलित हो रहे हैं और हर छोटा बड़ा प्रदर्शन अंत में सरकार विरोधी बड़े आंदोलन में तब्दील हो रहा है। सबसे अहम बात यह है कि मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस की नेता के तौर पर ममता बनर्जी धारणा की लड़ाई हार रही हैं। वे नैरटिव लूज कर रही हैं। उन्होंने मां, माटी मानुष का जो नैरेटिव गढ़ा था वह उनके हाथ से फिसल रहा है। महिलाएं उनकी सरकार से नाराज हैं और उनको कठघरे में खड़ा कर रही हैं। आरजी कर अस्पताल में जूनियर डॉक्टर के साथ बलात्कार और जघन्य हत्या की घटना के बाद ममता के प्रशासन ने जिस तरह से काम किया उससे ममता के दामन पर बहुत गहरे दाग लगे हैं। उनकी साधारण सफेद सूती साड़ी महिलाओं को भरोसा जगाती थी वह अब नहीं हो रहा है। कोलकाता के जूनियर डॉक्टरों ने 42 दिन तक हड़ताल की और इस दौरान डॉक्टरों से इतर सामान्य महिलाओं ने भी बड़ी तादाद में आकर उनका समर्थन किया। फिर जूनियर डॉक्टर भूख हड़ताल पर बैठे और उनको व्यापक समाज का समर्थन मिला। वे इस बात से आहत हैं कि अस्पतालों में उनके ऊपर बेवजह हमले होते हैं और सरकार कुछ नहीं करती है। वे राज्य में धमकी देने की संस्कृति का समापन चाहते हैं और इसमें भी सरकार कुछ नहीं कर रही है। ममता बनर्जी की सरकार के बारे में यह धारणा बन रही है कि उसने महिला की अस्मिता और जान के ऊपर अपनी सरकार की छवि को प्रमुखता दी और इसलिए छवि बचाने के लिए ममता की पुलिस ने पीड़ित डॉक्टर के परिजनों को पैसे का ऑफर दिया था। अभी इस घटना का विरोध बंद भी नहीं हुआ था कि दक्षिण 24 परगना के कृपाखाली इलाके में एक 10 वर्षीय बच्ची का शव मिला, जिसके परिजनों का कहना है कि उसके साथ बलात्कार किया गया और उसके बाद बहुत बेरहमी से हाथ पांव तोड़ कर उसको मार डाला गया। लड़की के लापता होने की शिकायत जब थाने में की गई तो पुलिस वालों ने कोई नोटिस नहीं लिया और बच्ची को तलाशने का कोई प्रयास नहीं किया। तभी उसका शव मिलने के बाद लोगों का गुस्सा भड़का और उन्होंने थाने में आग लगा दी। उससे पहले तोड़फ़ोड़ की और पुलिस वालों पर हमला किया। पुलिस वालों को भाग कर जान बचानी पड़ी। लोगों ने तृणमूल कांग्रेस के स्थानीय विधायक को भी खदेड़ कर भगा दिया। लोगों ने इस घटना की तुलना आरजी कर अस्पताल की घटना से की और कहा कि दोनों मामलों में ममता बनर्जी की पुलिस का रवैया एक जैसा था। इससे पहले संदेशखाली में जो हुआ वह भी सबको पता है। तृणमूल कांग्रेस के स्थानीय नेता शाहजहां शेख की ज्यादतियों के खिलाफ लोग एकजुट हुए और उन्होंने सड़क पर उतर कर आंदोलन किया। उस मामले में भी ममता बनर्जी की पुलिस ने आरोपी को बचाने का प्रयास किया। संदेशखाली, कोलकाता और दक्षिण 24 परगना के कृपाखाली की तीन घटनाएं ममता सरकार के बारे में बन रही नकारात्मक धारणा का मुख्य कारण बनी हैं। वैसे और भी कारण होंगे। लगातार तीसरी बार चुनाव जीतने के बाद किसी भी सरकार के प्रति एंटी इन्कम्बैंसी पैदा होती है। हालांकि जब भी इस तरह की बात होती है तो तृणमूल समर्थकों का कहना होता है कि लोकसभा चुनाव में ममता बनर्जी की पार्टी ने 29 सीटें जीती हैं। उसने भाजपा से उसकी जीती हुई छह सीटें छीन ली है। इसका मतलब है कि लोग अब भी उसके साथ हैं। लेकिन ध्यान रहे लोकसभा का चुनाव आरजी कर अस्पताल की घटना के पहले हुआ था और दूसरे, केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के खिलाफ देश भर में नाराजगी थी, जिसका फायदा ममता बनर्जी को मिला। आरजी कर अस्पताल की घटना के बाद ममता के प्रति धारणा तेजी से बदली है। जितनी बड़ी संख्या में महिलाएं उनके खिलाफ प्रदर्शन करने सड़क पर उतरी हैं वह मिसाल है कि चीजें तेजी से बदल रही हैं। ममता के खिलाफ बड़ी संख्या में महिलाएं सड़कों पर उतरी हैं और इसके प्रतीक इस साल दुर्गापूजा के पंडालों में भी दिखे। अनेक पूजा पंडाल आरजी कर अस्पताल की घटना की थीम पर बने थे। एक पूजा पंडाल में जूनियर डॉक्टर का शव मां दुर्गा के साथ में था। वे दोनों हाथों से जूनियर डॉक्टर के शव उठाए हुए थीं। एक दूसरे पूजा पंडाल में जूनियर डॉक्टर का शव जमीन पर पड़ा था और मां दुर्गा ने अपनी दोनों आंखें अपने हाथ से ढक ली थी। उस पंडाल में मां दुर्गा का शेर भी शर्मिंदा होकर नजरें झुका कर खड़ा था। पश्चिम बंगाल के चुनाव नतीजों की बहुत झलक दुर्गापूजा के पंडालों से मिलती है। अगर इसको पैमाना मानें तो साफ दिखेगा कि ममता बनर्जी नैरेटिव लूज कर रही हैं। उनके बारे में धारणा बदल रही है। महिलाओं की नाराजगी के अलावा उनके प्रति धारणा बदलने वाली दूसरी बात यह है कि कोलकाता और पूरे बंगाल की सिविल सोसायटी उनके खिलाफ है। सिविल सोसायटी ने ममता बनर्जी से मुंह मोड़ लिया है। ममता बनर्जी अपनी चुनाव में बचे हुए पौने दो साल में धारणा बदलने के लिए कुछ न कुछ जरूर करेंगी लेकिन कामयाब कितनी होंगी यह नहीं कहा जा सकता है। उनके साथ सबसे बड़ा प्लस प्वाइंट यह है कि विपक्ष नहीं है। 75 विधायक होने के बावजूद भाजपा विपक्ष के नाते पूरी तरह से अप्रभावी है। उसके पास तृणमूल से आयातित नेता हैं। अभी पश्चिम बंगाल में छह विधानसभा सीटों पर उपचुनाव हो रहे हैं। इनके नतीजे भी राज्य की आगे की राजनीति की कुछ झलक देने वाले होंगे। हालांकि इनके नतीजों से 2026 का अंदाजा लगाना ठीक नहीं होगा। फिर भी पता चलेगा कि ममता के प्रति जो धारणा बदल रही है, उसका कितना चुनावी फायदा भाजपा को होता है।

## आज का राशिफल

**मेष राशिः** आज किसी पुरानी जमीन से आपको धन लाभ होगा। इस बीच आपके जीवनसाथी को भी तरक्की का कोई अच्छा अवसर मिलेगा। आज परिस्थितियां बदलने के योग हैं और नई उम्मीदें बनेगी। कुछ लोग जो आप के खिलाफ थे, वो आज आपके सामने नतमस्तक होंगे। आपके रिश्ते फिर से अच्छे हो जाएंगे। आज लवमेट के साथ किसी मनोरंजक स्थल पर जाने का प्रोग्राम बन सकता है। आपकी मेहनत देखकर बॉस आपको कोई जरूरत की चीज़ गिफ्ट करेंगे।

**वृष राशिः** आज कारोबार में अचानक से आपको फायदा होगा। आज किसी काम के लिए की गई कोशिश सफल रहेगी। आज मन में चल रहे सवालों का जवाब भी खुद को ही तलाशना होगा। आज दिखावे के चक्कर में अधिक खर्च करने या कर्ज लेने से बचें। सोच-विचार में अपनों की राय लेनें से उपलब्धियां आपके हाथ लगेगी। आज व्यवसायिक गतिविधियों को और समय देंगे। जिससे बेहतर नतीजे मिल सकेंगे।

**मिथुन राशि** : ऑफिस में आज काम का बोझ अधिक हो सकता है। आज कारोबार में अचानक कुछ लाभ हो सकते हैं, स्थान परिवर्तन के भी योग है। आज दोस्तों और रिश्तेदारों से मुलाकात खुशी देगी। एक दूसरे की भावनाओं का सम्मान करना जरूरी है। आज सामाजिक गतिविधियों में आपकी उपस्थिति रहेगी और किसी परेशानी का भी हल मिलेगा। अपनी क्षमताओं पर विश्वास रखें।

**कर्क राशिः** आज अधिकारी वर्ग से आपको पॉजीटिव रिस्पॉन्स प्राप्त होगा। आज घर में सुखद और अनुशासित माहौल रहेगा। काफी समय बाद रिश्तेदारों से मेल-मुलाकात आपको उत्साहित करेगा। आज दिनभर बहुत व्यस्तता रहेगी। लेकिन मनोनुकूल नतीजे मिलने से प्रसन्नता होगी। किसी समारोह में शामिल होने का निमंत्रण मिलेगा, आपसी मेलजोल बढेगा।

**सिंह राशि** : आज आपको घर की कुछ नयी जिम्मेदारी संभालनी पड़ेगी। आज कोई रुका हुआ काम पूरा होने वाला है, साथ ही आप कई प्रकार की गतिविधियों में व्यस्त रहेंगे साथ ही आपका सामाजिक दायरा भी बढ़ेगा। प्रतिष्ठित लोगों से मुलाकात होगी और कुछ बेहतरीन जानकारियां भी मिलेंगी। आपका जीवनसाथी आपको कोई सरप्राइज दे सकता है।

**कन्या राशिः** आज कार्यालय पर अधिकारी वर्ग आपके ऊपर काम को लेकर थोड़ा दबाव बनायेंगे। आज किसी नजदीकी रिश्तेदार के साथ अपने विचारों को साझा करेंगे रिश्तों में मधुरता आएगी। जिससे घर परिवार में भी खुशी भरा माहौल रहेगा। आज पुरानी नकारात्मक बातों को वर्तमान पर हावी ना होने दें और रिश्तों को सहेज कर रखें। आज आपकी ऑफिशियल यात्रा आपके लिए फायदेमंद रहेगी।

**तुला राशिः** आज आप उत्साह से भरे रहेंगे। आज कोई भी निवेश सोच-समझकर ही करेंगे। लोगों के साथ बातचीत करते समय सावधान रहें, गलतफहमियों की वजह से रिश्तों में अनबन हो सकती हैं। बच्चों की समस्याओं के समाधान में आपका सहयोग रहेगा। आज कामकाज में व्यस्तता रहेगी। व्यापार में महत्वपूर्ण फैसले लेंगे, जो आपके लिए कारगर साबित होंगी।

**वृश्चिक राशिः** आज आप अपने कार्यों को जल्दी पूरा करने के लिए पूरी मेहनत करेंगे, जिसमें आप सफल भी होंगे। परिवार के सब लोग आपसे खुश रहेंगे। आज किसी मित्र की गलत सलाह आपको आपके लक्ष्य से भटका सकती हैं। इसलिए सोच-समझकर ही कदम उठाएंगे तो परेशानी से बच जायेंगे। घर के बुजुर्गों की सलाह और मार्गदर्शन की अवहेलना ना करें। कुछ समय बच्चों के साथ बिताएंगे।

**धनु राशिः** आज किसी नई योजना को बनाने में आप सफल होंगे। आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर रहेगी। किसी खास काम में आपको माता का सहयोग प्राप्त होगा। आज कार्यभार की वजह से शारीरिक और मानसिक थकान हो सकती है। अपने कामों को दूसरों के साथ बांटने का प्रयास करेंगे तो आसानी होगी। आज नई शुरुआत के लिए दिन अच्छा है। आपकी मेहनत और कोशिश के बढिया नतीजे सामने आएंगे।

**मकर राशि** : आज आपको अचानक धन लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। आज नए लोगों से मिलने-जुलने का अवसर मिलेगा। आज किसी आदर्श व्यक्ति की प्रेरणा से सजगता और भरपूर ऊर्जा मिलेगी। आपसी बातचीत द्वारा कई परिस्थितियां सामान्य हो जाएंगी। किसी काम में संघर्ष के बाद सफलता मिलने के योग हैं। आज अपने ऊपर अतिरिक्त कार्यभार या जिम्मेदारियां ना लें, क्योंकि सभी कार्यों के बीच संतुलन बनाकर रखने में समय लग सकता है।

**कुंभ राशिः** आज आप दोस्तों के लिए मददगार साबित होंगे। आज अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित करने की जरूरत है, इससे आप अपने कार्यों को बेहतरीन तरीके से अंजाम देंगे। आज किसी दोस्त या रिश्तेदार के साथ चल रही अनबन दूर होगी। संतान की तरफ से संतोषजनक नतीजे मिलने से सुकून मिलेगा। ऑफिस में आज आपसे सभी लोग खुश रहेंगे।


**मीन राशि** : आज आप सकारात्मक विचारों के साथ अपने काम को आसानी से पूरा कर लेंगे। इस राशि के विवाहितों के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा। आज आपको कार्यप्रणाली में लाए गए परिवर्तन के अनुकूल परिणाम मिल सकते हैं। आज आपका व्यवसायिक दृष्टिकोण कई मामलों को सुलझाने में सक्षम भी रहेगा। आज पारिवारिक माहौल अच्छा रहेगा। आज आप जिस काम के प्रति कड़ी मेहनत कर रहे हैं वो आपके लिए सकारात्मक और फायदेमंद साबित होगी।

## शब्द सामर्थ्य -220

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. संबंध, लगाव, नाता, काम 2. सिसकने की आवाज, सीत्कार 4. आग की ज्वाला, दहक 5. दियासलाई 7. प्रतिकार, प्रतिशोध 8. बाबुल की दुआएं लेती जा... गीतवाली बलराज साहनी, मनोजकुमार, राजकुमार, वहीदा की फिल्म 11. करतल ध्वनि 13. आपसी व्यवहार का संबंध, वास्ता 15. वचन, जीभ 16. रोगियों को स्वस्थ और मृतकों को जीवित कर देने वाला 17. एक सुंदर फूलदार वृक्ष 19. पत्नी, बीवी 20. मसालेदार सुगंधित सुरती।

**ऊपर से नीचे**
1. उचित, उपयुक्त, जायज 2. किवाड़ को अंदर से बंद करने लगा छड़, चटखनी 3. मांस के अत्यंत छोटे टुकड़े 4. माथा, मस्तक 6. कटोरी के आकार का नलीदार पात्र जिसमें तंबाकू रखकर पीते हैं 9. रेखा 10. खून से लथपथ 11. छिपकर बुरी नजर से ताकने की क्रिया, रह रहकर ताकने की क्रिया 12. व्यापार, धंधा 13. श्रृंगार करना, साजन 14. श्रवणइंद्रीय 16. सीमा, हद 18. चमड़ा, चाम 19. बोझ, दबाव।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 219 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मै | दा | न | ■ | स | र | ग | म | ■ |
| त्री | ■ | सी | ■ | ■ | क्षा | ■ | धु | रं |
| ■ | सा | ह | स | ■ | ■ | ■ | र | ■ |
| स्वा | ग | त | ■ | स | म | झौ | ता | ■ |
| व | र | ■ | ■ | र | ■ | ■ | ■ | म |
| लं | ■ | वि | ला | स | ■ | ■ | दा | म |
| बी | न | ■ | ज | ■ | सा | मा | न | ता |
| ■ | ज | ■ | वा | हि | या | त | ■ | ■ |
| त | र | की | ब | ■ | ना | ■ | खा | ली |

## सूडोकु नवताल- 7232

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 5 | | | | | | |
| 3 | | | | | | | | |
| | | | 6 | | | 7 | 4 | |
| 6 | | | 2 | | 4 | | | |
| 1 | | | | | | | | 8 |
| | | | 7 | | 5 | | | 3 |
| | 4 | 7 | | | 1 | | | |
| | | | | | | | | 6 |
| | | | | | | 5 | 2 | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7231 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 9 | 2 | 6 | 8 | 5 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 6 | 7 | 4 | 5 | 9 | 2 | 3 |
| 7 | 5 | 2 | 3 | 9 | 1 | 6 | 4 | 8 |
| 1 | 7 | 5 | 4 | 2 | 6 | 8 | 3 | 9 |
| 6 | 4 | 3 | 8 | 5 | 9 | 2 | 7 | 1 |
| 2 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 5 | 2 | 1 | 6 | 8 | 7 | 3 | 9 | 4 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 3 | 4 | 1 | 6 | 2 |
| 3 | 6 | 4 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 5 |

# संसद का बयान हिंदू हित में है किसी के विरोध में नहीं : बजरंग दल



**फारबिसगंज**। अररिया सांसद प्रदीप कुमार सिंह के बयान को साजिश के तहत तोड़ मरोड़ कर पेश किया जाना उसे वायरल कर जिले की शांति व्यवस्था भंग करने के साथ साथ तिरंगा झंडा को उखाड़ फेंकना भगवा झंडे का अपमान करना हिंदू समाज को टारगेट में लेकर अश्लील गाली गलौज देना यह समस्त हिंदू समाज के लिए चुनौती का विषय बनते जा रहा है । उक्त बातें बजरंग दल के पूर्व जिला संयोजक मनोज सोनी ने फारबिसगंज में रविवार को सुल्तान पोखर स्थित शिवालय मंदिर के प्रांगण में बजरंग दल के बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही। उन्होंने कहा सबसे बड़ी चिंता का विषय है अररिया जिले के हेड क्वार्टर जहां वरीय अधिकारी डीएम और एसपी बैठते हैं उस जगह मुस्लिम समुदाय की भीड़ के द्वारा चांदनी चौक एडीवी चौक, गोढ़ी चौक, बस स्टैंड पर हिंदुओं के पर्व त्यौहार के लगे बैनर पोस्टर को क्षतिग्रस्त करना तिरंगा झंडा को उखाड़ कर फेंकना भगवा झंडा को हटाना यह कहीं से भी शांति का प्रतीक नहीं है उन्होंने कहा उन्मादी भीड़ जिस तरह से लॉ एंड आर्डर को हाथ में लेकर उत्पाद मचता रहा इससे सीधा प्रतीत हो रहा है कि उन्हें संविधान और कानून की कोई डर नहीं है । श्री सोनी ने कहा माननीय सांसद प्रदीप कुमार सिंह के बयान को जिस तरह से तोड़ मरोड़ कर माहौल खराब करने की नियत से वायरल किया गया है और उसकी आड़ में समस्त हिंदू समाज को टारगेट में लेकर मुस्लिम युवकों द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से भद्दी-भद्दी अश्लील गाली जा रही है का वे विरोध करते हैं और प्रशासन से मांग करता हूं ऐसे लोगों को चिन्हित करते हुए जल्द कार्रवाई कर उन्हें सलाखों के अंदर डालें अन्यथा पूरे जिला भर में उग्र आंदोलन होगी फिर संभालना मुश्किल हो जाएगा । मौके पर बैठक में मौजूद बजरंग दल के संजीव रजक, संजय रजक, सोनू पासवान, तेजस्वी यादव, अंकित गुप्ता, दीप कुमार, मोहन सोनी, राहुल सोनी, नवीन सिंह, आयुष कुमार, निशांत कुमार, सोनू सोनी ,मिथिलेश कुमार, गोपाल कुमार, दीनानाथ शर्मा, नितिन दत्त, राहुल सोनी।

- **मुस्लिम युवकों द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से भद्दी-भद्दी अश्लील गाली जा रही है का वे विरोध करते हैं और प्रशासन से मांग करता हूं ऐसे लोगों को चिन्हित करते हुए जल्द कार्रवाई कर उन्हें सलाखों के अंदर डालें अन्यथा पूरे जिला भर में उग्र आंदोलन होगी फिर संभालना मुश्किल हो जाएगा**

# भाजपा नेताओं ने सुनी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'मन की बात'



**अररियाः** अररिया जिला मुख्यालय के चांदनी चौक पर भाजपा नेताओं ने देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' को सुना।

यह कार्यक्रम हर बार की तरह इस बार भी प्रेरणादायक साबित हुआ। प्रधानमंत्री मोदी ने इस एपिसोड में भगवान बिरसा मुंडा, सरदार वल्लभभाई पटेल और स्वामी विवेकानंद के योगदान को याद करते हुए देशवासियों से 'वोकल फॉर लोकल' अभियान को मजबूत करने की अपील की।

इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य और पूर्व जिलाध्यक्ष आलोक कुमार भगत, भाजपा नेता सुरेंद्र झा, उमाशंकर भगत, पप्पू गुप्ता, रौशन, सुधीर, अमन आदि कार्यकर्ताओं ने एक नई ऊर्जा का अनुभव किया। कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री की बातों को सुनकर अपने कार्य के प्रति और अधिक प्रेरित होने की भावना व्यक्त की।

## ख़ास ख़बर

### बी एन एम यू के नवसंबंधन प्राप्त 7 महाविद्यालयों में नामांकन के लिए पोर्टल आज खुलेगा

**मधेपुराः** भूपेन्द्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय, लालूनगर, मधेपुरा ने स्नातक सत्र 2024-28 के पहले सेमेस्टर में नवसंबंधन प्राप्त 7 महाविद्यालयों में नामांकन के लिए अधिसूचना जारी की है। आज से नामांकन के लिए पोर्टल खोला जा रहा है, जिससे नामांकन से वंचित छात्र-छात्राओं में खुशी की लहर है।

**महत्वपूर्ण तिथियाँः**

1. ऑनलाइन आवेदन की तिथिः 28.10.2024
2. महाविद्यालय में नामांकन की तिथिः 29.10.2024
3. महाविद्यालय द्वारा नामांकन एवं कंफर्मेशन की तिथिः 29.10.2024

**नवसंबंधन प्राप्त महाविद्यालयः**

1. वीमेंस कॉलेज, कौशल्या ग्राम, मधेपुरा
2. इवनिंग कॉलेज, मधेपुरा
3. भोला पासवान शास्त्री महाविद्यालय, बभनगामा
4. ईस्ट एन वेस्ट डिग्री कॉलेज, सहरसा
5. दिनेश किरण डिग्री कॉलेज, गम्हरिया
6. माण्डवी रणजीत कॉलेज, विराटपुर
7. देव नन्दिनी डिग्री महाविद्यालय, बखरी, मधेपुरा

छात्र-छात्राएँ नामांकन के लिए ऑनलाइन आवेदन यहां करें।

**नामांकन प्रक्रियाः** महाविद्यालयों का दायित्व है कि UMIS पोर्टल पर आवेदकों द्वारा दिए गए विवरण एवं नामांकन के समय प्रस्तुत अंक पत्र, लिंग एवं अन्य अभिलेखों की जांच मूल अभिलेखों से की जाए। यदि विसंगति पाई जाती है, तो सभी उत्तरदायित्व महाविद्यालय का होगा। यह नामांकन का अंतिम अवसर है। छात्र-छात्राओं को सलाह दी जाती है कि वे समय पर आवेदन करें और आवश्यक दस्तावेजों के साथ महाविद्यालय में उपस्थित रहें।

### हथियार का भय दिखाकर सीएसपी संचालक से 2.75 लाख रुपये की लूट

**दैनिक शुभ भास्कर,**

**छपरा(बिहार)27 अक्टूबर 2024ः-** गड़खा थाना क्षेत्र अंतर्गत बसंत पकवा ईनार के समीप बाइक सवार अपराधियों ने दिनदहाड़े हथियार का भय दिखाकर सीएसपी संचालक से 2.75 लाख रुपये लूट की घटना को अंजाम दिया। घटना गड़खा थाना क्षेत्र अंतर्गत मिर्जापुर गांव के समीप ही हुई। वारदात को अंजाम देने के बाद अपराधी गड़खा-मानपुर मेन रोड की तरफ भाग निकले। इस मामले में पीड़ित सीएसपी संचालक मुन्ना कुमार ने बताया कि वह मिर्जापुर के पास पीएनबी बैंक का ग्राहक सेवा केंद्र चलाते हैं। वह ग्राहकों को भुगतान के लिए पीएनबी की बसंत शाखा से रुपये लेकर सीएसपी पर जा रहे थे, तभी उक्त स्थान के पास तीन बाइक पर सवार छह से सात अपराधी हथियार का भय दिखा रुपये से भरा बैग छीन कर आसानी से फरार हो गए। उस दौरान उनके साथ मारपीट भी की गई, वारदात के बाद मौके पर बड़ी संख्या में लोग जुट गए।वहीं अति व्यस्त रहने वाले इस जगह पर दिनदहाड़े हुई लूट की इस घटना के बाद लोगों में दहशत है। लूट की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई । इस मामले में थानाध्यक्ष शशिरंजन कुमार ने बताया कि अपराधियों की धर-पकड़ के लिए छापेमारी की जा रही है। वहीं आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाला जा रहा है।

### अनैतिक देह व्यापार के मामले में चार गिरफ्तार



**दैनिक शुभ भास्कर,**

**छपरा(बिहार)27 अक्टूबर 2024ः-** सारण जिला पुलिस ने जिले के मढौरा अनुमंडल क्षेत्र में अनैतिक देह व्यापार का धंधा किये जाने का खुलासा किया । जिसके बाद होटल को सील करते हुए चार लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया । इस बात की जानकारी देते हुए डॉक्टर कुमार आशीष ने बताया कि मढ़ौरा थाना को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि आदित्य होटल के मैनेजर दीपक कुमार के द्वारा अपने होटल में अनैतिक देह व्यापार का धंधा चलाया जा रहा है, उक्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक राहुल कुमार सह थानाध्यक्ष मढ़ौरा थाना के नेतृत्व में टीम गठित कर मढ़ौरा थानान्तर्गत स्थित आदित्य होटल पर छापामारी किया गया। जिसमें छह युवक एवं युवतियों को आपत्तिजनक हालत में पकड़ा गया। उनमें से तीन युवक एवं एक होटल के मैनेजर को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया।गिरफ्तार अभियुक्तों में तरैया थाना क्षेत्र के डेवढी पूरब टोला निवासी दीपक कुमार, मढौरा थाना क्षेत्र के टेहटी गांव निवासी रूस्तम, इसुआपुर थाना क्षेत्र के सहवां गांव निवासी सरोज कुमार एवं अवतार नगर थाना क्षेत्र के नरांव गांव निवासी सुबोध कुमार सिंह शामिल हैं।

# के डी कॉलेज रानीगंज में पद्मश्री स्व. कलावती देवी की 36 वीं पुण्यतिथि समारोहपूर्वक मनाने का निर्णयःडॉ. दयानंद राऊत



**रानीगंज**। रानीगंज के कलावती स्नातक महाविद्यालय में आयोजित बैठक में बिहार की प्रसिद्ध पद्मश्री स्व. कलावती देवी की 36वीं पुण्यतिथि को धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता सेवानिवृत्त शिक्षक रमेश ठाकुर ने की, जबकि संचालन का कार्य महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. दयानंद राऊत ने किया।

**बैठक में शामिल हुए प्रमुख सदस्यः** इस बैठक में महाविद्यालय के शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि, विभिन्न सरकारी एवं निजी शिक्षण संस्थानों के प्रभारी, प्रतिष्ठित व्यवसायी और प्रबुद्धजन शामिल हुए।

**प्रस्तावित कार्यक्रमः** बैठक में निर्णय लिया गया कि रानीगंज नगर के प्रत्येक विद्यालय से शोभा यात्रा निकाली जाएगी। इसके साथ ही भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सफल प्रतिभागियों को पुण्यतिथि कार्यक्रम के मंच से पुरस्कृत किया जाएगा।

**उपस्थित गणमान्य व्यक्तिः** बैठक में नगर पंचायत रानीगंज के मुख्य पार्षद प्रतिनिधि मनोज पासवान, वार्ड पार्षद कृष्ण कुमार सेनानी, सुमन झा, शिक्षक मुकेश कुमार गुड्डू, पवन कुमार पावक, राजीव कुमार सिंह, विनोद मेहता, राजकुमार साह, गीतगोविंद महतो, पूर्व प्राचार्य प्रो. अरुण कुमार मंडल, संजय सिंह सारथी, विजय कुमार विभ, भीम पंजियार, डॉ. अवधेश कुमार झा, प्रो. सुभाष नायक, प्रो. प्रभाष यादव, मो. एकराम और सत्यनारायण सहित सैकड़ों लोग शामिल हुए। यह आयोजन स्व. कलावती देवी की योगदान को सम्मानित करने और उनकी स्मृति को जीवित रखने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

# पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन-7ः छठे चरण की फुटबॉल प्रतियोगिता आज से



**पूर्णियां**। पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन-7 की छठे चरण की फुटबॉल प्रतियोगिता आज से पूर्णिया के जिला स्कूल खेल मैदान परिसर में शुरू हो रही है। इस प्रतियोगिता का उद्घाटन पनोरमा ग्रुप के चेयरमैन श्री संजीव मिश्रा "सर" द्वारा अंडर-17 बालिका वर्ग के मैच के साथ किया जाएगा। उद्घाटन मुकाबला सेंट पीटर्स हिंदी मिडियम स्कूल और उर्सलाइन इंग्लिश मीडियम स्कूल के बीच सुबह 9ः00 बजे खेला जाएगा। श्री संजीव मिश्रा ने आयोजन समिति के सदस्यों से कहा कि खिलाड़ियों को उनके आयु वर्ग में ही खेलना चाहिए। यदि किसी भी खिलाड़ी का उम्र प्रमाण पत्र गलत पाया जाता है, तो उन्हें सर्टिफिकेट, मेडल, ट्रॉफी, और नगद पुरस्कार से वंचित किया जाएगा। इसके साथ ही, ऐसे खिलाड़ियों पर पनोरमा स्पोर्ट्स से एक वर्ष का प्रतिबंध भी लगाया जाएगा। पूर्णिया में फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए उत्साह का माहौल है। आयोजन समिति सदस्य हरिओम झा और जिला फुटबॉल संघ के सचिव श्री अजीत सिंह ने बताया कि दीपावली और छठ पर्व के कारण विद्यालय बंद होने से पहले अंडर-17 बालक और बालिका वर्ग की प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता 62 दिनों तक चलेगी और इसमें बैडमिंटन, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, शतरंज, टेबल टेनिस, कुश्ती, कबड्डी, साइकिलिंग और एथलेटिक्स जैसी खेल प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जा चुकी हैं। अब फुटबॉल और क्रिकेट प्रतियोगिता की बारी है। बैठक में पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन-7 के आयोजन समिति के सदस्य, जिला फुटबॉल संघ के सचिव, और विभिन्न स्कूल एवं क्लब के पदाधिकारी उपस्थित थे। सभी ने पनोरमा ग्रुप के प्रयासों की सराहना की और कहा कि यह खेलों को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन-7 की यह फुटबॉल प्रतियोगिता न केवल खिलाड़ियों के लिए प्रतिस्पर्धा का मंच है, बल्कि यह क्षेत्र के खेल प्रेमियों के लिए भी एक उत्सव की तरह है। खिलाड़ियों के लिए यह एक महत्वपूर्ण अवसर है कि वे अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करें और खेल के प्रति अपने समर्पण को दर्शाएं।

# प्रधानमंत्री मोदी की 'मन की बात' में महत्वपूर्ण संदेशः प्रवीण कुमार



**फारबिसगंज**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी 'मन की बात' कार्यक्रम के 115वें एपिसोड में विशेष रूप से धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती का स्मरण करते हुए झारखंड के उलिहातू गांव की अपनी यात्रा के अनुभव साझा किए। उन्होंने लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल और बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती मनाने के महत्व पर जोर दिया, साथ ही नागरिकों की भागीदारी को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर भी बात की।इस कार्यक्रम में भाजपा विधानसभा प्रभारी प्रवीण कुमार, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष संदीप कुमार, और जिला कार्यसमिति सदस्य विपुल सिंह ने बूथ संख्या 151 पर भाजपा और भाजयुमो कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर रेडियो पर प्रधानमंत्री के विचारों को सुना।

**महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चाः** विधानसभा प्रभारी प्रवीण कुमार ने प्रधानमंत्री के संबोधन की कुछ खास बातें साझा कीं। पीएम ने एनिमेशन, वर्चुअल टूरिज्म, आत्मनिर्भर भारत और फिटनेस के क्षेत्र में भारत की प्रगति पर चर्चा की। उन्होंने लोगों को साइबर फ्रॉड के प्रति सतर्क रहने का भी निर्देश दिया और "रुको, सोचो और एक्शन लो" का मंत्र दिया। प्रधानमंत्री ने भारत की बढ़ती संस्कृति की लोकप्रियता पर चर्चा करते हुए कश्मीर, तेलंगाना और छत्तीसगढ़ में फोक आर्ट के लिए काम कर रहे कलाकारों की सराहना की। उन्होंने संस्कृति और विरासत को सहेजने में लगे इन कलाकारों के योगदान को भी साझा किया। इस अवसर पर संदीप कुमार, विपुल सिंह, किशन राय, गौरीशंकर शर्मा, बिनोद पासवान, निन्नी राय, विकास कुमार सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे। सभी ने प्रधानमंत्री के विचारों को आत्मसात करने और उन्हें अपने कार्य में लागू करने का संकल्प लिया।

# विशेष समुदाय द्वारा भाजपा सांसद प्रदीप सिंह को टारगेट करना चिंताजनक-पं अजय झा





- **प्रशासन अतिशीघ्र संज्ञान लेकर अभ्रदता फैलाने वाले को तुरंत करे गिरफ्तार,हिंदू समाज के धैर्य की परीक्षा न ले कोई**
- **एक विशेष समुदाय द्वारा सांसद पर सोसल मीडिया पर अमर्यादित टीका टिप्पणी करना निंदनीय**
- **सांसद को सरकार दे जेड प्लस की सुरक्षा**

**अररिया**। भाजपा के कद्दावर नेता और पूर्व विधानसभा प्रत्याशी सह परशुराम परिषद के राष्ट्रीय संयोजक पंडित अजय कुमार झा ने अररिया के सांसद प्रदीप कुमार सिंह के खिलाफ एक विशेष समुदाय द्वारा सोशल मीडिया पर किए गए अपमानजनक और धमकी भरे संदेशों की कड़ी निंदा की है। आश्रम चौक स्थित अपने आवासीय कार्यालय अररिया पर प्रेस वार्ता के दौरान पंडित झा ने कहा कि सांसद प्रदीप कुमार सिंह को फोन कॉल और अमर्यादित ऑडियो-वीडियो संदेशों के माध्यम से जान से मारने की धमकी दी गई है। यह घटना न केवल सांसद के लिए बल्कि पूरे हिंदू समाज के लिए अपमानजनक है। उन्होंने कहा, "हम हिंदू हैं, हमारे धैर्य और सहिष्णुता का परिचय कोई न लें।"

**प्रशासन की निष्क्रियताः** पंडित झा ने प्रशासन पर भी सवाल उठाया, यह कहते हुए कि अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि प्रशासन के सामने उपद्रवियों की भीड़ ने नंगा नृत्य किया, जिससे कानून व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न लगा है। "क्या प्रशासन को इस बात का अंदाजा नहीं है कि इस तरह की घटनाएं समाज में तनाव पैदा कर सकती हैं?"

**सांसद की सुरक्षा पर चिंताः** उन्होंने कहा कि हिंदू स्वाभिमान यात्रा के दौरान हमारे गौरव प्रदीप सिंह ने जो कुछ भी कहा वो सिर्फ और सिर्फ हिंदू समाज को संगठित करने के लिए कहा, जिसे लेकर उन्होंने मीडिया के माध्यम से विशेष समुदाय को बेफिक्र रहने का भी संदेश दिया, बावजूद इसको लेकर अगर इस तरह के भ्रामक संदेश फैलाए जा रहे हैं तो वो दुखदायी है।पूरा हिंदू समाज इसकी निंदा करता है, वो सभी के सांसद है, जिले के विशेष समुदाय के लोग भी इस बात का ख्याल रखे। सांसद की सुरक्षा को लेकर पंडित झा ने चिंता जताई और कहा कि यह प्रशासन के लिए एक बड़ी चुनौती हो सकती है। उन्होंने सरकार से सांसद के लिए जेड प्लस सुरक्षा की मांग उठाई।

**लोडेड पिस्टल का मामलाः** एक प्रश्न के उत्तर में, पंडित झा ने कहा कि जिला प्रशासन को लोडेड पिस्टल के साथ गिरफ्तार किए गए अब्दुल गफ्फार की सच्चाई का खुलासा करना चाहिए। उन्होंने बताया कि पिस्टल पर चांद तारा का निशान है, जिससे यह सवाल उठता है कि वह किस संगठन से जुड़ा है।

**अल्पसंख्यक लीडरों पर सवालः** पंडित झा ने अल्पसंख्यक नेताओं और उलेमाओं की चुप्पी पर सवाल उठाते हुए कहा कि उन्होंने उपद्रवियों के खिलाफ कोई बयान क्यों नहीं दिया। "इस चुप्पी का क्या मतलब है?" पंडित अजय झा ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि सांसद प्रदीप सिंह और हिंदू समाज के प्रति अपमानजनक गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की अपील की, ताकि इस प्रकार की घटनाओं पर काबू पाया जा सके। यह मामला न केवल सांसद की सुरक्षा, बल्कि पूरे हिंदू समाज की गरिमा से जुड़ा है, और प्रशासन को अपनी जिम्मेदारियों का सही ढंग से निर्वहन करना चाहिए। मौके पर इस प्रेस वार्ता के दौरान भास्कर ठाकुर, पूर्व मुखिया मनोज सिंह, दीपक मंडल आदि मौजूद थे।

# सांसद के पूरे वीडियो क्लिप से कुछ अंश दिखाकर सोशल मीडिया पर लगातार सांसद पर अभद्र टिप्पणी करना दुर्भाग्यपूर्ण -जिला भाजपा अध्यक्ष

- **प्रशासन माहौल बिगाड़ने कानून को हाथ में लेने वालों पर त्वरित करवाई करे- भाजपा**
- **भाजपा कार्यकर्ताओं के धैर्य की इम्तहान न लें विपक्षी पार्टियां- जिलाध्यक्ष**
- **सुशासन की सरकार में कानून को हाथ में लेने की इजाजत किसी को नहीं है चाहे वो कितना भी बड़ा नेता या पक्षपात करने वाले अधिकारी या संगठन हो**



**अररिया**। कुछ असामाजिक तत्वों के बहकावे में आकर कुछ विशेष वर्ग के लोग द्वारा भ्रम फैलाकर पहले अररिया का माहौल बिगाड़ने का प्रयास फिर तिरंगा समेत भगवा ध्वज को अपमानित करने के उपरांत सांसद के कार्यालय तक जान मारने तक योजना के साथ अपराधी का पहुंचना फिर अपभ्रंश गंदी ओछी गालियां और कई व्यक्तियों द्वारा सोशल मीडिया पर वीडियो बनाकर जान मारने की धमकी देना,और प्रशासन द्वारा उक्त घटना पर दोषियों को चिन्हित कर पकड़े जाने और कानून के मुताबिक कठोर सजा दिलवाने में सुस्ती पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष आदित्य नारायण झा ने नाराजगी व्यक्त करते हुए इसपर द्रुत गति से अनुसंधान की मांग करते हुए कहा कि यह भावना हमारे सभी मंडल पंचायत और बूथ लेवल तक के कार्यकताओं में आक्रोश बढ़ रहा है, अगर उक्त मामले में प्रशासन उचित कठोर न्यायसंगत करवाई के तरफ आगे नहीं बढ़े और हम भाजपा कार्यकर्ता का धैर्य का परीक्षा नहीं लें । उन्होंने अररिया जिला वासियों से धैर्य और शांति बनाकर रहने का अपील करते हुए कहा कि आप सब निश्चिंत रहे इस सुशासन की सरकार में कानून को हाथ में लेने की इजाजत किसी को नहीं है चाहे वो कितना भी बड़ा नेता या पक्षपात करने वाले अधिकारी या संगठन हो। अभी तक सांसद के आवास पर लोडेड पिस्तौल के पकड़ाए जाने तिरंगा और भगवा ध्वज के अपमान पर किसी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर अपना प्रतिक्रिया नहीं दिया जो बहकाने भड़काने वाले के मानसिकता और संवेदनशीलता को दर्शाता है।

## दिवाली वाले दिन पता चलेगा आईपीएल टीमें किन-किन खिलाड़ियों को करेगी रिटेन



**नईदिल्ली, एजेंसी।** बीसीसीआई ने आईपीएल की सभी 10 टीमों को अगले सीजन के लिए खिलाड़ियों को रिटेन करने की आखिरी तारीख 31 अक्टूबर तक की दी है। 31 तारीख तक सभी टीमें रिटेन किए जाने वाले खिलाड़ियों की सूची बीसीसीआई को सौंप देगी। 31 अक्टूबर को दीवाली है और इस दिन ही क्रिकेट फैंस को पता चल पाएगा कि किस टीम ने किस खिलाड़ी को रिटेन किया और किसे बाहर किया।

अब सवाल ये है कि इसका पता क्रिकेट फैंस को कैसे पता चलेगा तो चलिए इसके बारे में हम आपको बताते हैं। आईपीएल 2025 के लिए रिटेन किए जाने वाले खिलाड़ियों के बारे में पूरी जानकारी जियो सिनेमा पर दी जाएगी। जियो सिनेमा पर 31 अक्टूबर को शाम 4.30 बजे से इसके लिए विशेष कार्यक्रम पेश किया जाएगा और इसके जरिए पूरी जानकारी सबको उपलब्ध हो पाएगी। इसके जरिए खेल प्रशंसकों को आसानी से पता चल जाएगा कि किसे रिटेन किया गया है और किसे रिलीज किया जा रहा है।

फ्रेंचाइजियों के लिए अपने खिलाड़ियों को रिटेन करने की आखिरी तारीख 31 अक्टूबर है। टीमों को अधिकतम 6 खिलाड़ियों को रिटेन करने की अनुमति दी गई है, जिनकी कीमत क्रमशः पहले, दूसरे और तीसरे रिटेंशन के लिए 18 करोड़ रुपये, 14 करोड़ रुपये और 11 करोड़ रुपये है। वहीं चौथे रिटेंशन के लिए भी 18 करोड़ जबकि पांचवें रिटेंशन के लिए भी 14 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। एक खिलाड़ी को कोई भी टीम अनकैप्ड प्लेयर के रूप में रिटेन कर सकती है जिसके लिए 4 करोड़ रुपये की अनुमति दी गई है।

**आईपीएल 2025 रिटेंशन लाइव स्ट्रीमिंग की पूरी डिटेल**

क्रिकेट फैंस जियो सिनेमा ऐप और वेबसाइट पर इंडियन प्रीमियर लीग 2025 रिटेंशन की मुफ्त लाइव स्ट्रीमिंग का आनंद ले सकते हैं। जियो सिनेमा ने 31 अक्टूबर को अपने प्लेटफॉर्म पर इस इवेंट को मुफ्त में देखने की घोषणा की है।

**आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी कब होगी**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 की मेगा नीलामी की तारीख अभी घोषित नहीं की गई है। हालांकि यह अनुमान लगाया जा रहा है कि यह नवंबर के अंत या दिसंबर की शुरुआत में होगी।

## ब्राजील के फुटबॉल खिलाड़ी को तीन सेकेंड के भीतर दिखाया गया लाल कार्ड



**साओ पाउलो, एजेंसी।** ब्राजील के एक फुटबॉल खिलाड़ी को शीर्ष डिविजन मुकाबले में दौरान विरोधी खिलाड़ी को कोहनी मारने के लिए मैच शुरू होने के तीन सेकेंड के भीतर लाल कार्ड दिखाया गया। क्रुजेइरो के राफा सिल्वा ने एथलेटिको पेरेनाएंसे के केइके रोचा को मैच शुरू होते ही कोहनी मारी जिससे टीम को बाकी मुकाबला 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा।

रैफरी रोड्रिगो जोस परेरा डि लिमा ने क्रुजेइरो के 32 साल के खिलाड़ी सिल्वा को लाल कार्ड दिखाया जो फुटबॉल के इतिहास में सबसे जल्दी दिखाए गए लाल कार्ड में से एक है। क्रुजेइरो को इस मैच में 0-3 से शिकस्त झेलनी पड़ी।

**डब्ल्यूटीटी चैंपियंसः**

# मनिका बत्रा का सफर क्वार्टर फाइनल में हुआ समाप्त



**नईदिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रमंडल खेलों में कई पदक जीतने वाली मनिका ने तीनों गेम में विरोधी खिलाड़ी को अच्छी टक्कर दी, लेकिन चीन की खिलाड़ी ने महत्वपूर्ण अंकों पर बेहतर प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। भारत की स्टार महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा का डब्ल्यूटीटी चैंपियंस टूर्नामेंट में सफर क्वार्टर फाइनल में ही समाप्त हो गया। मनिका को क्वार्टर फाइनल में चीन की कियान टियानयी के खिलाफ सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा। मनिका से इस टूर्नामेंट में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद की जा रही थी, लेकिन दुनिया की 30वें नंबर की भारतीय खिलाड़ी को सिर्फ 25 मिनट में टियानयी के खिलाफ 8-11, 8-11, 10-12 से शिकस्त का सामना करना पड़ा।

राष्ट्रमंडल खेलों में कई पदक जीतने वाली मनिका ने तीनों गेम में विरोधी खिलाड़ी को अच्छी टक्कर दी, लेकिन चीन की खिलाड़ी ने महत्वपूर्ण अंकों पर बेहतर प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। डब्ल्यूटीटी क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय मनिका ने शुक्रवार को दुनिया की 14वें नंबर की खिलाड़ी रोमानिया की बर्नाडेट जोक्स को 11-9, 6-11, 13-11, 11-9 से हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई थी।

टियानयी ने भी प्री क्वार्टर फाइनल में उलटफेर करते हुए दुनिया की चौथे नंबर की खिलाड़ी और शीर्ष वरीय हमवतन यिडी वैंग को 11-7, 11-9, 13-11 से शिकस्त दी थी। डब्ल्यूटीटी में हिस्सा ले रहीं एक अन्य भारतीय दुनिया की 25वें नंबर की खिलाड़ी श्रीजा अकुला को पहले दौर में ही दुनिया की 13वें नंबर की खिलाड़ी पुएर्टो रिको की एड्रियाना डियाज ने 6-11, 11-7, 11-1, 8-11, 11-8 से हराया था।




## शमी की अनुपस्थिति बड़ा झटका, लेकिन भारत के रिजर्व तेज गेंदबाजों को कम नहीं आंकेगे: मैकडोनाल्ड

**सिडनी, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड का मानना है कि अगले महीने से शुरू होने वाली पांच टेस्ट मैच की बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी श्रृंखला के दौरान भारत को मोहम्मद शमी की बहुत कमी खलेगी लेकिन उन्होंने कहा कि उनकी टीम इस अनुभवी तेज गेंदबाज की जगह लेने वाले तेज गेंदबाजों को कम नहीं आंकेगी। शमी ने 2018 में ऑस्ट्रेलिया दौरे में भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई थी।

वह टखने की चोट के कारण पिछले साल नवंबर में वनडे विश्व कप फाइनल के बाद से नहीं खेले हैं। उनका ऑपरेशन किया गया। इसके बाद वह राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में थे। हाल में उनके घुटनों में सूजन आ गई जिससे उनकी पूर्ण फिटनेस हासिल करने की प्रक्रिया प्रभावित हुई। मैकडोनाल्ड ने कहा, 'मोहम्मद शमी की अनुपस्थिति उनके लिए बहुत बड़ा झटका है। जिस तरह से हमारे बल्लेबाज उनके जज्बे, उनकी लाइन और लेंथ और अपने काम के प्रति उनके समर्पण की बात करते हैं उसे देखते हुए भारत को उनकी कमी खेलगी। भारत ने दिल्ली के तेज गेंदबाज हर्षित राणा और आंध्र के ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी को पहली बार मौका दिया है।

तेज गेंदबाज आकाश दीप और प्रसिद्ध कृष्णा को भी ऑस्ट्रेलिया के दौरे के लिए भारतीय टीम में चुना गया है। तेज गेंदबाजी विभाग की कमान जसप्रीत बुमराह संभालेंगे। मैकडोनाल्ड ने कहा, 'लेकिन हम जानते हैं कि पिछली बार क्या हुआ था। उनके रिजर्व खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करके भारत को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी, इसलिए उनके खिलाड़ियों को बिल्कुल भी कम करके नहीं आंका जा सकता है।

**अंडर-23 विश्व चैंपियनशिपः**

## अंडर-23 विश्व कुश्ती में अंजलि ने जीता रजत, चिराग फाइनल में पहुंचे



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय महिला पहलवान अंजलि ने अंडर-23 विश्व चैंपियनशिप के 59 भारवर्ग में रजत पदक हासिल किया। वहीं, फ्री स्टाइल में चिराग ने 55 किग्रा भारवर्ग में कम से कम रजत पदक तय कर दिया है।

नेहा शर्मा (57 भारवर्ग), शिक्षा (65 ) और मोनिका (68 भारवर्ग) कांस्य पदक जीतने में सफल रहीं। नेहा और मोनिका ने चीन और शिक्षा ने जापान की पहलवान को हराया। ग्रीको रोमन में रामचंद्र मोरे (55 भारवर्ग) ने भी कांस्य पदक अपनी झोली में डाला।

सेमीफाइनल में इअली की अयुरोरा को चित करने वालीं अंजलि फाइनल में यूक्रेन की सोलामिया से अंकों के आधार पर हार गईं। चिराग का फाइनल में किर्गिस्तान के अबदीमलिक काराचोव से मुकाबला होगा। अठारह साल के चिराग ने लगातार तीन कुश्तियां जीतकर खिताबी मुकाबले में प्रवेश किया है। अभिषेक गुप्ता (61 भारवर्ग), सुजीत (70 भारवर्ग) भी कांस्य की होड़ में हैं।

# लुईस का शतक, वेस्टइंडीज ने तीसरे और अंतिम वनडे में श्रीलंका को हराया





**पाल्लेकल (श्रीलंका), एजेंसी।** एविन लुईस के नाबाद 102 रन की मदद से वेस्टइंडीज ने शनिवार को वर्षा से प्रभावित तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में डकवर्थ-लुईस पद्धति के तहत श्रीलंका को आठ विकेट से हराया। श्रीलंका ने 2-1 से श्रृंखला जीती। वर्ष 2021 से अपना पहला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मुकाबला खेल रहे लुईस ने छक्के के साथ 61 गेंद में अपना पांचवां शतक पूरा किया और टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। इस सलामी बल्लेबाज ने 51 रन के स्कोर पर टखना मुड़ने के बावजूद खेलना जारी रखा। श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए तीन विकेट पर 156 रन बनाए थे लेकिन इसके बाद बारिश के कारण पांच घंटे खेल रुका रहा और मैच को 23 ओवर का कर दिया गया। वेस्टइंडीज को 195 रन का लक्ष्य मिला और टीम ने 22 ओवर में दो विकेट पर 196 रन बनाकर जीत दर्ज की।

श्रीलंका को जीवनदान पाने वाले दोनों सलामी बल्लेबाजों पथुम निसांका (56) और अविष्का फर्नांडो (34) ने पहले विकेट के लिए 17 आवेर में 81 रन जोड़कर अच्छी शुरुआत दिलाई। इसके बाद बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा। दोबारा खेल शुरू होने पर कुसाल मेंडिस (नाबाद 56) ने शुरुआती चार गेंद पर चौके लगाए। निसांका ने रन आउट होने से पहले 58 गेंद में अपना 15वां अर्धशतक पूरा किया। मेंडिस ने सिर्फ 19 गेंद में अर्धशतक जड़ा। उन्हें भी दो जीवनदान मिले। उन्होंने 22 गेंद का सामना करते हुए नौ चौके और एक छक्का मारा। लक्ष्य का पीछा करते हुए वेस्टइंडीज ने 36 रन के स्कोर पर ब्रेंडन किंग (16) का विकेट गंवा दिया।

लुईस और कप्तान शाई होप (22) ने दूसरे विकेट के लिए 72 रन जोड़कर पारी को संवारा। होप के आउट होने के बाद लुईस और शेरफेन रदरफोर्ड (नाबाद 50, 26 गेंद, चार चौके, तीन छक्के) ने मोर्चा संभाला और एक ओवर शेष रहते टीम को जीत दिलाई दी। रदरफोर्ड ने सिर्फ 26 गेंद में अपना चौथा अर्धशतक पूरा किया।

# पीएम मोदी ने अर्जुन एरिगेसी को 2800 शतरंज रेटिंग पार करने पर दी बधाई





**नई दिल्ली, एजेंसी।** ईएलओ 2800 रेटिंग क्लब में शामिल होना आसान नहीं है। इतिहास में अब तक केवल 16 खिलाड़ियों ने प्रकाशित रेटिंग में 2800 ईएलओ अंकों को पार किया है। अर्जुन की रेटिंग फिलहाल 2802.1 है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को भारतीय शतरंज खिलाड़ी अर्जुन एरिगेसी को बधाई दी। प्रधानमंत्री ने लाइव शतरंज रेटिंग में अर्जुन एरिगेसी के 2800 अंक पार करने को अभूतपूर्व उपलब्धि बताते हुए कहा कि यह एक बहुत बड़ी व्यक्तिगत उपलब्धि होने के अलावा कई अन्य युवाओं को शतरंज खेलने और वैश्विक मंच पर चमकने के लिए प्रेरित करेगा। पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद के बाद एरिगेसी 2800 ईएलओ रेटिंग को पार करने वाले केवल दूसरे भारतीय खिलाड़ी बन गए थे। ईएलओ 2800 रेटिंग क्लब में शामिल होना आसान नहीं है। इतिहास में अब तक केवल 16 खिलाड़ियों ने प्रकाशित रेटिंग में 2800 ईएलओ अंकों को पार किया है। अर्जुन की रेटिंग फिलहाल 2802.1 है। हाल ही में अर्जुन ने भारत की ऐतिहासिक शतरंज ओलंपियाड जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। हंगरी के बुडापेस्ट में अर्जुन का प्रदर्शन शानदार रहा था। भारत के लिए तीसरे बोर्ड पर खेलते हुए उन्होंने 11 राउंड में नौ जीत और दो ड्रॉ दिए, जिससे भारत की टीम की जीत में महत्वपूर्ण योगदान मिला। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, लाइव शतरंज रेटिंग में 2800 अंक का आंकड़ा पार करने के लिए अर्जुन एरिगेसी को बधाई!

यह एक अभूतपूर्व उपलब्धि है। उनकी असाधारण प्रतिभा और दृढ़ता हमारे पूरे देश को गौरवांवित करती है। एक महान व्यक्तिगत उपलब्धि होने के अलावा, यह कई और युवाओं को शतरंज खेलने और वैश्विक मंच पर चमकने के लिए प्रेरित करेगा। उनके भविष्य के प्रयासों के लिए उन्हें शुभकामनाएं।

# ऑस्ट्रेलिया और जिम्बाब्वे दौरे के लिए पाकिस्तान टीम का ऐलान, अभी भी सामने नहीं आया कप्तान का नाम

**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज में मिली शानदार जीत के बाद अब पाकिस्तान की टीम को ऑस्ट्रेलिया का दौरा करना है. ऑस्ट्रेलिया में पाकिस्तान टीम को वनडे और टी20 सीरीज खेलनी है. इस दौरे की शुरुआत 4 नवंबर से होगी. इसके बाद पाकिस्तान की टीम जिम्बाब्वे का दौरा करेगी. पाकिस्तान क्रिकेट के सेलेक्टर्स ने ऑस्ट्रेलिया और जिम्बाब्वे के दौरे के लिए 15 सदस्यीय टीम का ऐलान किया है. ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे और टी20 सीरीज के लिए बाबर आजम, नसीम शाह और शाहीन अफरीदी को टीम में चुना गया है. इन तीनों स्टार खिलाड़ियों को इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के बीच टीम से अलग किया गया था. लेकिन इन खिलाड़ियों को जिम्बाब्वे दौरे के लिए आराम दिया गया है. वहीं, मोहम्मद रिजवान ऑस्ट्रेलिया दौरे के अलावा जिम्बाब्वे के खिलाफ वनडे सीरीज का हिस्सा होंगे. वह भी टी20 सीरीज से बाहर रहेंगे.

**इन खिलाड़ियों के लिए बड़ा मौका**

ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए वनडे टीम में आमिर जमाल, अराफात मिन्हास, फैसल अकरम, हसीबुल्लाह, मुहम्मद इरफान खान और सैम अयूब को पहली बार शामिल किया गया है. दूसरी ओर जहानदाद खान और सलमान अली आगा पहली बार टी20 टीम में चुने गए हैं. वहीं, मोहम्मद हसनैन की लंबे समय के बाद टीम में वापसी हुई है.

**अभी भी नहीं हुआ नए कप्तान के नाम का ऐलान**

दरअसल, बाबर आजम ने हाल ही में वनडे और टी20 टीम की कप्तानी छोड़ी थी. ऐसे में ऑस्ट्रेलिया दौरे से टीम को नया कप्तान मिलेगा. लेकिन पाकिस्तान क्रिकेट के सेलेक्टर्स ने टीम के ऐलान के साथ कप्तान के नाम का खुलासा नहीं किया है. पीसीबी की ओर से जारी की गई प्रेस रिलीज के मुताबिक, कप्तान के नाम का ऐलान 27 अक्टूबर यानी आज दोपहर 4 बजे किया जाएगा.



**ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए पाकिस्तान की टीम**

वनडे टीमः आमिर जमाल, अब्दुल्ला शफीक, अराफात मिन्हास, बाबर आजम, फैसल अकरम, हारिस रऊफ, हसीबुल्लाह (विकेटकीपर), कामरान गुलाम, मोहम्मद हसनैन, मोहम्मद रिजवान (विकेटकीपर), मुहम्मद इरफान खान, नसीम शाह, सईम अयूब, सलमान अली आगा, शाहीन शाह अफरीदी.

**टी20 टीमः** अराफात मिन्हास, बाबर आजम, हारिस रऊफ, हसीबुल्लाह, जहांदाद खान, मोहम्मद अब्बास अफरीदी, मोहम्मद रिजवान (विकेटकीपर), मोहम्मद इरफान खान, नसीम शाह, ओमैर बिन यूसुफ, साहिबजादा फरहान, सलमान अली आगा, शाहीन शाह अफरीदी, सुफियान मोकीम, उस्मान खान.

**जिम्बाब्वे दौरे के लिए पाकिस्तान की टीम**

**वनडे टीमः** आमिर जमाल, अब्दुल्ला शफीक, अबरार अहमद, अहमद दानियाल, फैसल अकरम, हारिस रऊफ, हसीबुल्लाह (विकेटकीपर), कामरान गुलाम, मोहम्मद हसनैन, मोहम्मद रिजवान (विकेटकीपर), मुहम्मद इरफान खान, सईम अयूब, सलमान अली आगा, शाहनवाज दहानी और तैय्यब ताहिर.

**टी20 टीमः** अहमद दानियाल, अराफात मिन्हास, हारिस रऊफ, हसीबुल्लाह (विकेटकीपर), जहांदाद खान, मोहम्मद अब्बास अफरीदी, मोहम्मद हसनैन, मुहम्मद इरफान खान, ओमैर बिन यूसुफ, कासिम अकरम, साहिबजादा फरहान, सलमान अली आगा, सुफयान मोकिम, तैयब ताहिर और उस्मान खान.

मुद्रक- स्वामी- प्रकाशक, सुनील कुमार मिश्रा, द्वारा शुभ - लाभ प्रिंटर्स , मावली उदयपुर, राजस्थान, 313203 / प्रधान संपादकः उमेश कुमार, मो.नं. +91 96259 58256 / संपादक : अनिल कुमार मिश्र, मो.नं. +91 98 5231 5231 / विधि सलाहकार : अरविंद कुमार भारद्वाज "अधिवक्ता" इलाहाबाद उच्च न्यायालय, उत्तरप्रदेश , मो.नं. +91 96953 96700 / प्रधान कार्यालय : HNo- 616 / 156 /1, सेमरा गौढ़ी, सीतापुर रोड मड़ियांव, लखनऊ, उत्तर प्रदेश - 226013, मो. नं. +91 96259 58256 / बिहार - झारखंड, प्रदेश कार्यालय : (नजदीक जिला केन्द्रीय पुस्तकालय) पुरानी जीटीरोड , औरंगाबाद (बिहार), 824101, मो.नं. +9198 5231 5231 / दैनिक शुभ भास्कर RNI UPHIND 2015 /64737. पी. आर. बी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु ज़िम्मेदार, सभी न्याय क्षेत्र उदयपुर राजस्थान होगा।